हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 16 नवंबर 2024



# श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी, स्नान के बाद तट पर ही किया दीपदान

राजनांदगांव। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शहर के मोहरा स्थित शिवनाथ नदी में पुण्य स्नान के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। यहां उन्होंने दीपदान कर अपने परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। शहर के शिवनाथ नदी में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु पुण्य स्नान के लिए उमड़े। इस दौरान नदी के घाट पर भगवान शिव और मां गंगा की महाआरती की गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाते धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दीपदान कर स्नान दान से पुण्य प्राप्त करते सुख-समृद्धि की कामना की। पूर्ण स्नान के लिए शिवनाथ नदी पहुंची श्रद्धालु तेजस्विनी कालेश्वर, भारती सिन्हा, राजश्री ने कहा कि वह प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर यहां आकर स्नान और दीपदान करते हैं। उन्होंने बताया कि इस दिन दीपदान और स्नान का विशेष महत्व है।

### दीयों से झिलमिल हुआ शिवनाथ नदी

शिवनाथ नदी पर स्नान और दीपदान के दौरान नदी जगमग दीयों से रोशन हो उठी। इस दौरान नदी में अलौकिक नजारा दिखाई दे रहा था। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शिवनाथ नदी के तट पर प्रतिवर्ष लगने वाले पुन्नी मेले का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने यहां आस्था की डुबकी लगाने के बाद विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की और मेला ग्राउंड पहुंचकर पुन्नी मेले का आनंद लिया।

**नाव से हुई नदी में पुलिस पेट्रोलिंग, गोताखोर भी रहे मौजूद** : शिवनाथ नदी पर स्नान के लिए तड़के 3 बजे से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगने लगा। सुबह 4 बजे श्रद्धालुओं ने यहां आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा भी व्यापक व्यवस्था की गई थी। नदी में पुलिस टीम नाव में पेट्रोलिंग करते रही। वहीं गोताखोर की व्यवस्था भी की गई थी। एएसपी राहुल देव शर्मा ने बताया कि लगभग 150 से अधीक पुलिस जवानों की यहां ड्यूटी लगाई गई थी।

# मोहारा मेला में उमड़ी हजारों की भीड़, झूलों का उठाया लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देव-दिवाली कार्तिक पूर्णिमा पर शिवनाथ नदी तट मोहारा में आयोजित तीन दिवसीय मेले में शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। भोर के समय से लेकर देर शाम तक लोग सपरिवार मेले का आनंद उठाते रहे।

शहर के ऐतिहासिक मोहारा मेला का आज दूसरा दिन था। भोर के समय से ही यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु सपरिवार शिवनाथ नदी तट मोहारा पहुंचे, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के पश्चात मेले का लुत्फ उठाया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जिले सहित आसपास के जिले व अन्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में यहां श्रद्धालुओं के आगमन का वातावरण निर्मित रहा। देर शाम तक लोगों की बड़ी संख्या में मेला स्थल पर उपस्थिति रही।





**मेले का आज होगा समापन** : तीन दिवसीय मोहारा मेला 14 नवंबर से प्रारंभ हुआ है। जिसका समापन कल 16 नवंबर को होगा। तीनों दिन लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। मेले का शुभारंभ 14 नवंबर की शाम शिवनाथ नदी तट में दीप प्रज्जवलित कर एवं मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर की गई। इस मौके पर शिवनाथ नदी की भी आरती उतारी गई एवं मंगल कामना की गई।

### देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद

मोहारा मेला स्थल के अलावा मोहारा रोड में भी सड़क के दोनों ओर विविध प्रकार की दुकानें सजी हुई थी। इधर नंदई से लेकर मोहारा तक एवं हल्दी रोड में यातायात का जबर्दस्त दबाव रहा। यातायात पुलिस आवागमन को व्यस्थित रखने के लिए जुटी रही। शहर सहित आसपास ग्रामीण इलाकों से कई लोग पैदल भी मेला स्थल पहुंचे। देर शाम को यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने लोगों की बेहतर उपस्थिति रही।

**मंडई ध्वज पताका लेकर पहुंचे ग्रामीण** : दोपहर बाद आसपास के ग्रामीण इलाकों से मंडई ध्वज पताका बाजे-गाजे के साथ मेला स्थल पहुंचना शुरू हुए। जिसमें आसपास के ग्रामीणों की उपस्थिति रही। मंडई ध्वज पताका का मेला में पहुंचते ही यहां का माहौल में और भी उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया। मेला स्थल पर साग-भाजी से लेकर कपड़े, बच्चों के खिलौने, घरेलू कार्य की सामग्री, होटल, ठेला-खोमचा में चार्ट, स्वल्पाहार की दुकानें सजी हुई थी, जहां से लोगों ने जमकर खरीदी की। मेले में छोटे-बड़े झूले के अलावा पारंपरिक झूला, बच्चों का झूला लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा।

---

## योजना के तहत सब्सिडी के साथ मिलेगी तीन सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली

# घर पर सोलर पैनल लगवाने छह हजार पंजीयन, 78 हजार तक मिलेगी सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार द्वारा कुछ महीने पहले शुरू की गई पीएम सूर्य घर योजना के तहत अब जिले में भी बड़ी संख्या में लोग आवेदन करने लगे हैं। घर की छत पर सोलर पैनल लगवाने के लिए अब तक बिजली विभाग के पास छह हजार से अधिक आवेदन आ चुके हैं। खास बात यह है कि सोलर पैनल लगवाने के लिए सरकार न केवल बड़ी रकम सब्सिडी के रूप में देगी, बल्कि इससे तीन सौ यूनिट तक बिजली मुफ्त भी मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि इस साल ही पीएम नरेंद्र मोदी ने इस योजना की शुरूआत की है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही इस पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत पात्र लोगों के घरों में सोलर पैनल लगाए जाते हैं। इसके बाद इस सोलर पैनल के लिए लाभार्थियों को सब्सिडी दी जाती है, जो हर प्लान की अलग-अलग होती है। इस योजना के जरिये लोगों को सोलर एनर्जी के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को 30 हजार से लेकर 78 हजार तक की राशि सब्सिडी के रूप में केंद्र सरकार की तरफ से दी जा रही है।

## पीएम सूर्य घर योजना के तहत घर पर ही लगा सकेंगे सोलर पैनल

### पंजीयन अधिक, आवेदन कम

मिली जानकारी के अनुसार पीएम सूर्य घर योजना के तहत जिले में करीबन 6070 लोगों ने पोर्टल में अपना पंजीयन कर लिया है, लेकिन संबंधित विभाग के पास अब तक महज 540 आवेदन ही आए हैं। वहीं इनमें भी 33 का ही आवेदन अनुमोदित किया गया है।



### लोगों को कर रहे प्रोत्साहित

इस योजना के तहत अधिक से अधिक घरों पर सोलर पैनल लगाने पर जोर दिया जा रहा है। नियमानुसार आवेदन करने वालों को कम समय में ही स्वीकृति मिल रही है। इस योजना को लेकर जन जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

- **रविन्द्र गोस्वामी,** कार्यपालन अभियंता, सीएसईबी

### छह लाख से कम आय जरूरी

मिली जानकारी के अनुसार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में रजिस्ट्रेशन करने के लिए केवल भारतीय व्यक्तियों के लिए मंजूरी है। इस योजना में 18 वर्ष या उससे ऊपर के व्यक्ति ही आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले व्यक्ति के पास राशन कार्ड होना चाहिए तथा वह गरीबी रेखा या उससे नीचे आता हो। सरकारी नियम अनुसार आवेदक की वार्षिक आय अधिकतम 6 लाख रुपए या उससे कम ही होनी चाहिए। आवेदक के पास सोलर पैनल लगवाने हेतु खुद की निजी जगह होनी जरूरी है।

### मिलेगी इतनी सब्सिडी

इस योजना के तहत एक किलोवाट पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार, तीन किलोवाट पर 78 हजार और तीन किलोवाट से अधिक क्षमता के संयंत्र लगाने पर 78 हजार तक की सब्सिडी दी जा रही है। हितग्राही को संयंत्र की कुल लागत का केवल 10 प्रतिशत देना होगा। जबकि शेष राशि पर 7 प्रतिशत ब्याज दर से बैंक ऋण की सुविधा भी है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए केंद्रीय पोर्टल से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मदनवाड़ा थाना क्षेत्र से 5 किलोमीटर दूर खुरसेकला के जंगल में किसी घातक रणनीति को अंजाम देने माओवादियों की घातक टीम आरकेबी डिवीजन कमेटी जंगल मे दस्तक दिए हुए थे, जिस पर आज देर शाम मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की डीआरजी टीम नक्सली खेमे में पहुंच गए। फोर्स को देखकर अपना पूरा सामान छोड़कर नक्सली जंगल से भाग खड़े हुए।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के सीमावर्ती महाराष्ट्र-कांकेर सीमा पर बीते दो-चार दिनों से नक्सली हलचल की सूचना पर पुलिस कप्तान वाईपी सिंह के निर्देश पर एंटी नक्सल यूनिट डीआरजी की टीम पूरी तैयारी के साथ मदनवाड़ा जंगल क्षेत्र में सर्चिंग अभियान पर थी। आज दोपहर बाद फोर्स नक्सलियों की तलाश में मदनवाड़ा थाना क्षेत्र से 5 किलोमीटर दूर खुरसेकला के जंगल में दाखिल हुए। इस दौरान नक्सली सुरक्षा बल के जवानों को देख वहां से भाग निकले। मौके से बेहद संख्या में नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। खबर लिखे जाने तक फोर्स धीरे-धीरे सकुशल जिला मुख्यालय मोहला लौटने के क्रम में लगे रहे।



### 5 साल बाद मुठभेड़

2019 में मानपुर इलाके के ग्राम परदोनी के जंगल में तीन हार्डकोर नक्सली मारे गए थे। उस वक्त इसी मुठभेड़ में मदनवाड़ा थाना प्रभारी श्याम किशोर शर्मा शहीद हुए थे। जिसके बाद पांच साल के लंबे अंतराल के बाद आज फोर्स के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है।

### नक्सल हलचल पर पैनी नजर

नक्सली गतिविधियों पर पैनी नजर है। नक्सली किसी बड़ी रणनीति को अंजाम देने की फिराक में है। आज का मुठभेड़ नक्सलियों के सबसे बड़ा कुंभा आरकेबी डिवीजन कमेटी के साथ हुआ है।

### सामान बरामद

मुठभेड़ में बेहद सामान बरामद किया गया है। हमारी फोर्स सकुशल है। नक्सलियों के खिलाफ आगे भी निर्णायक कार्रवाई की जाएगी।

- **वाईपी सिंह,** एसपी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी

### इन थानों और चौकियों से निकली थी फोर्स

पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देश में थाना मदनवाड़ा के खुरसेकला जंगल में माओवादियों की उपस्थिति के सूचना पर डीआरजी मानपुर टीम, बसेली आईटीबीपी 44वीं वाहिनीं एवं मदनवाड़ा कैंप से आईटीबीपी 27वीं वाहिनीं की पार्टी नक्सल विरोधी अभियान में रवाना हुई थी। डीआरजी टीम सर्चिंग करते जंगल की ओर बढ़ रही थी, तभी खुरसेकला जंगल में नक्सली छुपकर पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने लगे। जिसमें डीआरजी टीम द्वारा जवाबी फायरिंग की गई। घटनास्थल पर नक्सलियों के दैनिक उपयोग की सामग्री व अन्य सामान जब्त की गई है।

---

# कार में ला रहे थे मप्र निर्मित शराब आबकारी की दबिश, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कार में अवैध रूप से बड़ी मात्रा में मप्र निर्मित शराब की तस्करी की जा रही थी। जिसकी सूचना मिलने पर आबकारी स्टाफ ने दबिश देकर कार को पकड़ा। मौके से कार में सवार आरोपी फरार हो गए। जिनकी पतासाजी सरगर्मी से की जा रही है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार अर्टिगा कार में गोवा व्हीस्की शराब मप्र निर्मित की तस्करी की जा रही थी। जिसकी सूचना आबकारी वृत डोंगरगढ़ को मिलने पर आबकारी टीम ने ग्राम पाथरी भरखाटोला मार्ग में दबिश देकर कार को पकड़ा। बताया गया कि उक्त कार से कूदकर आरोपी फरार हो गए। आबकारी टीम ने जब कार की तलाशी ली तो कार में मप्र निर्मित गोवा अंग्रेजी शराब मिली। आबकारी टीम ने कार से 63 बल्क लीटर शराब बरामद कर मामला दर्ज किया है। इस मामले में आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। ज्ञात हो कि बार्डर इलाके से अवैध रूप से शराब का परिवहन करने के लिए कोचिये जुटे हुए हैं। जिनकी आए दिन धरपकड़ भी की जा रही है। आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

# गार्डन में संदिग्ध मिले युवक-युवती, पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के एक गार्डन में संदिग्ध रूप से युवक व युवती मिले, जिन्होंने पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर दुर्व्यवहार भी किया। पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई की है। बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को आरके नगर चौक स्थित गार्डन में बीती शाम युवक-युवती संदिग्ध हालत में बैठे मिले, जिस पर पुलिस ने उनसे पूछताछ की। इस दौरान आरोपी युवक ने अपना नाम दीपेश सोनी 30 वर्ष बताया। वहीं युवती सोमनी थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी बताई। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान पुलिस से युवक-युवती ने दुर्व्यवहार एवं शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की, जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# नाबालिग को बहला-फुसला कर ले गया, हैदराबाद से आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने नाबालिग बालिका को हैदराबाद से बरामद किया एवं आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 23 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 मई की शाम 5 बजे उसकी नाबालिग लड़की उम्र 17 वर्ष घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जो घर वापस नहीं आई है। संदेश है कि नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगाकर कहीं ले गया है कि रिपोर्ट पर धारा 363 भादस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

इस मामले में मुखबीर की सूचना पर थाना प्रभारी खैरागढ़ के नेतृत्व में टीम बनाकर ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालिका को दीगर राज्य हैदराबाद से आरोपी धनराम यादव के कब्जे से बरामद किया गया है। बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया। नाबालिग बालिका को घटना समय को आरोपी धनराम यादव द्वारा शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने की पुष्टि होने पर मामले में धारा 366(क), 376(2)(ढ) भादवि 4, 6 पॉक्सो एक्ट 2012 जोड़ी गई।

विवेचना के दौरान आरोपी धनराम यादव को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी धनराम यादव 25 वर्ष को 14 नवंबर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

---

## गोधन न्याय योजना के तहत निगम द्वारा बनवाया जा रहा था गोबर खाद

# गोबर से खाद बनाने के बाद महिलाओं को भुगतान नहीं कागजों में 22 लाख का पेमेंट दर्शाया, फर्जीवाड़ा की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश की पिछले सरकार द्वारा गोबर खरीदी के साथ ही उससे गोबर खाद बनाने की योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत शहरी इलाकों में गोबर से खाद बनाने का जिम्मा एसएलआरएम सेंटरों में कार्यरत महिलाओं को दिया गया था। इन महिलाओं को प्रति किलो खाद बनाने के एवज में तय राशि का भुगतान का भी प्रवधान किया गया था, लेकिन राजनांदगांव नगर निगम में इन महिलाओं को मिलने वाली राशि से ही फर्जीवाड़ा कर दिया गया है।



शिकायत सामने आई है कि इन महिलाओं को भुगतान ना कर निगम के अफसरों ने कागजों में ही भुगतान दिखा दिया है। वहीं जब इस मामले में निगम के अफसरों से सवाल किए गए तो उन्होंने पल्ला झाड़ते कहा कि सरकार से भुगतान आने के बाद ठेका समूह के जरिये पेमेंट किया जा चुका है। बड़ी बात यह है कि अधिकांश महिलाओं को भुगतान नगद किए जाने का उल्लेख किया गया है। जबकि इन्हीं महिलाओं को एसएलआरएम सेंटर में काम करने के बदले वेतन सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है।

इस मामले में निगम से जानकारी मिली है कि ऐसी शिकायतें उनके पास भी पहुंची है, लेकिन मामला उनके पदभार ग्रहण करने से पहले का है, इसलिए इस विषय में अधिक जानकारी उनके पास नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि यदि महिलाओं को मिलने वाले भुगतान में गड़बड़ी हुई है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

इधर गोबर से खाद बनाने वाली महिलाओं ने भी इसकी शिकायत दर्ज कराई है, हालांकि अब तक कोई ठोस कार्रवाई या जांच इस विषय पर नहीं की जा सकी है।

### जनप्रतिनिधियों पर भी उठे सवाल, नाराजगी

सूत्रों की माने तो निगम के महत्वपूर्ण पद पर काबिज एक जनप्रतिनिधि की रजामंदी से ही यह पूरा खेल खेला गया है। बताया गया कि लाखों रुपए की इस धोखाधड़ी में अफसरों के साथ ही उस जनप्रतिनिधि को भी बड़ा हिस्सा मिला है। हालांकि शिकायत के बाद जांच होने पर ही इस पूरे खेल की पुष्टि हो पाएगी। बताया गया कि भुगतान नहीं मिलने से नाराज महिलाएं अब एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी में भी है।

### जानिये क्या थी योजना

प्रदेश की तत्कालीन भूपेश सरकार ने गोधन न्याय योजना के तहत प्रदेशभर में गौठानों के माध्यम से दो रुपए किलो में गोबर खरीदी शुरू की थी। शहर में निगम द्वारा दो स्थानों में पेंड्री व कन्हारपुरी में यह खरीदी की गई। खरीदे गए गोबर से वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर उसकी बिक्री किसानों को की जा रही थी। इसके लिए महिला समूहों की मदद ली जाती थी। इसके एवज में महिलाओं को प्रति किलो दो रुपए का भुगतान किया जाता था। इसी योजना के तहत निगम के अंतर्गत वर्मी कम्पोस्ट बनाने वाली महिलाओं को मिलने वाले भुगतान में गड़बड़ी सामने आई है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- सिर दर्द (माईग्रेन)
- मिर्गी
- लकवा
- ब्रेन ट्यूमर
- ब्रेन हेमरेज
- साइटिका (कमर दर्द)

हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
- एंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर

24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने पंचायत एवं निकाय चुनाव को देखते हुए पात्र लोगों से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि उनका यह कदम लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने नागरिकों से नाम जोड़ने और अद्यतन कराने में सक्रियता से भाग लेने का आग्रह किया है।

### प्रकाश पर्व पर निकली शोभायात्रा



**डोंगरगढ़।** सिक्ख समाज के संस्थापक गुरू गुरूनानक देवी के प्रकाश पर्व के अवसर पर स्थानीय लोगों ने नगरकीर्तन के साथ पंचप्यारे की अगुवाई में शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा में सभी वर्ग के लोगों ने शामिल हुए। स्थानीय गुरूद्वारे से निकली शोभायात्रा रेलवे चौक, खंडूपारा, जयस्तंभ चौक, गोल बाजार, जैन पारा, बुधवारी चौक होते हुए पुनः गुरूद्वारा पहुंची। यहां आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा की अगुवाई पंचप्यारे सुरेन्द्र सिंग, त्रिलोचन सिंग, जनरैल सिंह, गुरूमीत सिंग, हरमीत सिंग ने किया।

### जयंती पर निकली शोभायात्रा



**डोंगरगढ़।** संत शिरोमणि नामदेव की 754 वी जयंती के अवसर पर नामदेव समाज ने धूमधाम से शोभायात्रा निकाल कर प्रसादी वितरण किया। नामदेव समाज के अध्यक्ष विकास नामदेव ने बताया कि नामदेव जयंती के अवसर पर एक दिवसीय आयोजन किया गया। दोपहर 2 बजे शोभायात्रा की शुरूवात संत नामदेव, रूखमणि विट्ठल की पूजा पथ के साथ हुआ। नगर भ्रमण करते हुए महावीर मंदिर प्रांगण में आरती किया गया। बच्चों के कार्यक्रम बाद भोजन प्रसादी वितरित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजिक जन शामिल हुए।

## विश्व और लोक कल्याण के भाव से हुआ यज्ञ, निकली शोभायात्रा

# आहूति के बाद भक्ति में झूमे भक्त







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

आत्म शिल्पी आचार्य विद्यासागर सागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री आगम सागर, पुनीत सागर और एलक धैर्य सागर महाराज के मंगल सानिध्य में श्री सिद्ध चक्र विधान का आयोजन किया गया। शुक्रवार को विश्व और लोक कल्याण की भावना के साथ आहुति दी गई।

संत भवन परिसर में आयोजित श्री सिद्धचक्र विधान में मुनि संघ के सानिध्य में विधानाचार्य राजेंद्र भैया ने मांगलिक क्रियाएं करवाया। श्री दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सतीश जैन ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः अभिषेक, शांति धारा के उपरांत सिद्ध चक्र विधान किया गया। इंद्र- इंद्राणियों ने पूरी भक्ति भाव के साथ प्रभु को अर्घ्य अर्पित किए। शाम को भक्तों ने प्रभु की आरती एवं भक्ति की। मुनि श्री ने अपने वचनों में कहा कि यह विधान अति कल्याणकारी है। इसमें बैठने और प्रभु की आराधना करने से पापों का क्षय होता है और जीवन कल्याणकारी होता है। विधान में इंद्र एवं इन्द्राणी संदीप- श्वेता, मुकेश- माधुरी, श्रेय- निकिता, परख- अनुभा, राहुल- हिना, अनुज- सोनम, मनीष- मंजरी, विमल- क्रांति, रुपेश- परिधि, सुनील- रीता, अंशुल- श्वेता, पवन- सरोज ने मांगलिक क्रियाएं

### सभी की सहभागिता

समूचे धार्मिक आयोजन में समाज के सभीजनों बढ़चढ़ कर हिस्सा किया। शोभायात्रा के दौरान जैन समाज सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। इस दौरान देशराज जैन, अध्यक्ष सतीश जैन, कोषाध्यक्ष राहुल राही, प्रफुल्ल राजा, जिनेन्द्र जैन, रमेश राही, अजित जैन, ऋषभ, प्रबोध, धर्मेन्द्र, सुधीर, संजय चौधरी, राकेश जैन, विमल जैन, रत्नेश, खूबचंद जैन, विजय, सौरभ, राजश्री, नीलम, सरिता, प्रवीण जैन, सजल जैन, पार्षद प्रियंक जैन, शैलेश, विपिन, आलोक, अभिनव, सारिका, पावन, प्रशांत, मंजू, उज्ज्वल, दृष्टि, अंकित, आशी, अशि, खुशी, श्रुति, रेशु, सिवनी, निक्की, गरिमा, बुलबुल, दीपाली, रेखा, ममता, रचना, मंजू, दर्शना, तारा, प्रीति, अंजना सहित अन्य मौजूद थे।

### शोभायात्रा में थिरके भक्त

शुक्रवार को सुबह हवन के बाद जैन मंदिर परिसर से श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकली, जो इंदिरा गार्डन से किलापारा, पुराना थाना, पुराना हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड से मुख्य मार्ग, फव्वारा चौक, सदर लाइन होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची। शहर के विभिन्न स्थानों पर जन प्रतिनिधियों और सामाजिक जनों ने अगवानी करते हुए जिन देव की आरती किया। शहर भ्रमण के दौरान जैन समाज के युवा, महिला और युवतियों ने थिरककर भक्ति का रंग बिखेरा। शोभायात्रा में बघ्घी, घोड़ा आकर्षण का केंद्र रहे।

# परख की तैयारी पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती वीरेंद्र कौर गरचा एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक इनायत अली ने राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण परख की तैयारी के संबंध में संकुल प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की बैठक ली। बैठक में बीईओ ने परख की तैयारी अंतर्गत शासकीय एवं निजी विद्यालयों की कक्षा 3री, 6 वी एवं 9 वीं के बच्चों को प्रतिदिन अंतिम कालखंड में नियमित अभ्यास, प्रत्येक शनिवार को प्रश्नपत्र एवं ओएमआर शीट पर माक टेस्ट अभ्यास करवाने के साथ उसे जांचकर सुरक्षित रखने हेतु कहा। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, राष्ट्रीय प्रतिभा खोज एवं अन्य परीक्षाओं की तैयारी हेतु विषय विशेषज्ञों की टीम बना कर क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए। स्त्रोत समन्वयक श्री अली ने परख की तैयारी, अपार आईडी, शाला संचालन एवं अन्य विषयों पर प्रकाश डाला। परख प्रभारी शिवकुमार वर्मा ने राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के प्रत्येक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए 18, 25 एवं 29 नवंबर को होने वाले राज्य स्तरीय माक टेस्ट की जानकारी दी। प्राचार्य राजेन्द्र श्रीवास्तव ने अपार आईडी जनरेट करने में आ रही समस्या एवं उसके समाधान की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उल्लास कार्यक्रम के नोडल मोहन साहू ने साक्षरता केन्द्रों के नियमित संचालन एवं मानिटरिंग के निर्देश दिए।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082




# किसानों का धान पहुंचा सोसाइटियों में





हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने गुरूवार को धान खरीदी की व्यवस्था का जायजा लेने धान खरीदी केंद्र अंबागढ़ चौकी एवं चिल्हाटी का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां खरीदी का मुआयना किया और समिति प्रभारी को पारदर्शिता से धान खरीदी करने और किसानों को सहयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों के धान का वास्तविक नाप तौल करें।

खरीदी के दौरान नमी मापक मशीन से नमी की जांच करने कहा। धान खरीदी केंद्र में सफाई रखने, सुरक्षा की आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

धान बेचने आए किसानों से कलेक्टर ने चर्चा कर उत्पादित फसल की जानकारी ली। उन्होंने अंबागढ़ चौकी धान खरीदी केंद्र में किसान अमर सिंह से फसल उत्पादन की जानकारी ली। कलेक्टर ने भनसुला में प्रस्तावित धान संग्रहण केंद्र स्थल का मुआयना किया। उन्होंने अधिकारियों को धान संग्रहण के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी एसएल ठाकुर, जिला खाद्य अधिकारी आशीष रामटेके, जिला विपणन अधिकारी प्रमोद सोम, तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो उपस्थित थे।

### पहले दिन अच्छी आवक

**डोंगरगढ।** क्षेत्र की 40 से अधिक सोसायटियों में गुरूवार को धान की सरकारी शुरू हुई। पहले दिन 5 से 7 हजार क्विंटल धान सोसायटियों में बिकने पहुंचा। पहले दिन धान खरीदी की शुरूवात कर्मचारियों ने पूजा अर्चना कर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। इस बार धान की तौलाई से लेकर जांच के लिए इलेक्ट्रिक यंत्रों का उपयोग किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से आने वाले धान को रोकने के लिए बोरतलाव रोड़ एवं चिचोला बागनदी रोड़ में चौकसी बढ़ा दी गई है। बोरतलाव से महाराष्ट्र को जोड़ने वाले मार्ष्पर नाका को बाजार चैक से हटाकर पनियाजोब के सूने इलाके में लगाया गया है जिससे चांदसूरज बार्डर से लगे पीटेपानी मार्ग पर चारभाठा, सीतागोटा, कनेरी, बोरतलाव, पनियाजोब, ठाकुरटोला, रामाटोला, एलबीनगर सोसायटियों में बाहर का धान खपने की संभावना बढ़ गई है। इस मार्ग से कोचियों द्वारा मध्यप्रदेष एवं महाराष्ट्र के धान लाया जाता है।

### अस्थाई रूप से हटाया

मंडी प्रभारी श्री चंद्राकर ने बताया कि बोरतलाव नाके के पास असामाजिक तत्वों के जमावड़ा के कारण उक्त बेरियर को पनियाजोब में अस्थायी रूप से शिफ्ट किया गया है। बोरतलाव नाके में भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है और दूसरे राज्य को चांवल एवं धान भेजने पर कार्रवाई की जाएगी।

**रामाटोला।** स्थानीय धान खरीदी केन्द्र में गुरूवार को धान खरीदी आरंभ किया गया। इस मौके पर रामाधीन देवांगन, समिति प्रबंधक हेमलाल ठाकुर, रामेश्वर तारम एवं किसान मौजूद थे।

**अर्जुनी।** रामपुर सेवा सहकारी समिति में गुरूवार को किसानों के धान की खरीदी शुरू हुई। भाजपा नेता जानी वाकर, किशोर यादव, अरूण साहू ने तराजू की पूजा अर्चना कर धान खरीदी की विधिवत शुरूवात की। उन्होंने अंचल के किसानों से धान का सूखाकर और साफ कर लाने की अपील की है ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**पटेवा।** धान खरीदी केन्द्र पटेवा में गुरूवार को धान खरीदी प्रारंभ किया गया। पहले दिन 70 किसानों ने 3410 क्विंटल धान बेचा। तीन किसानों टोकन लेने के बाद भी धान बेचने नहीं पहुंचे। धान खरीदी का शुभारंभ नरेन्द्र वर्मा, ललित साहू, बहुर साहू, राकेश साहू, खेमलाल साहू, समिति प्रबंधक आलोक दुबे, रवि वर्मा, लत्तू यादव, दुद्धे बारले, करण साहू की उपस्थिति में किया गया।

### पेंशनर्स से भरवाया जीवन प्रमाण पत्र

**डोंगरगढ़।** स्टेट बैंक ने गत दिनों पेंशनरों के लिए शिविर लगाकर लाइफ सर्टिफिकेट भरवाया। पेंशनरों को नियमित रूप से पेंशन मिलती रहे, इसलिए नवंबर में लाइफ सर्टिफिकेट जमा करवाया जाता है। मारवाड़ी धर्मशाला में सोमवार को पेंशनरों को फार्म भरकर जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराया गया था। इस मौके पर बैंक के मुख्य प्रबंधक अभिषेकसिंह, स्नेहा बंसोड़, योगेश साहू, अमन डोंगरे, केआर देवांगन, ललित किशोर नारंग, कुलदीप साहू, रमेश बहेकर, बीआर बघेल, रामनाथ भैंसारे मौजूद थे। जो पेंशनर फार्म नहीं भर पाएं है वह 30 नवंबर तक बैंक कार्यावधि में जीवित प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं।




## स्कूलों में सजा व्यंजनों का स्टाल

# बाल मेला में बच्चे दिखे उत्साहित





हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी

उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी में प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शाला में बालसभा एवं बाल मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष उत्तमचंद नाहटा थे। कार्यक्रम में मुरली प्रसाद निषाद, राजेंद्र साहू, छन्नूलाल वर्मा, शोभित साहू, अशोक मालेकर, प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू, शिक्षक एवं छात्र छात्राएं शामिल हुए। श्री नाहटा और श्री साहू ने पं. नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। बच्चों ने गीत, नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए। मुख्य अतिथि श्री नाहटा ने पं. नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। शाला की ओर से बच्चों को पुरस्कृत किया गया। संचालन छात्रसंघ प्रभारी रूपेश नागपुरे ने किया। कार्यक्रम में आदित्य रंगारी, लोमेश्वर साहू, लक्ष्मी साहू, नागेश राजपूत, परमेश्वर देवांगन, गगन साहू, सागर साहू, अनिल रामटेके, महेश ठाकुर, मोहनलाल मंडावी, ढालेंद्रसिंह कोल, सुषमा ऊके, मंदीप कौर भाटिया, कीर्ति शर्मा, प्रजंलि साहू, रैना देवांगन, प्रियंका साहू आदि मौजूद थी।

### बच्चों ने लगाया स्टाल

**मुरमुंदा।** उच्चतर माध्यमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुरमुंदा में बाल दिवस मनाया गया। बच्चों ने पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की पूजा अर्चना किया। कक्षा 9 से 12 वी एवं 6 से 8 वीं तक के बच्चों ने स्कूल परिसर में भेल, गुपचुप, भजिया, इडली का स्टाल लगाया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक शामिल हुए।

### बाल मेला में उमड़े ग्रामीण

**बांधाबाजार।** बाल दिवस के अवसर पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंघाभेड़ी



प्रांगण में बालमेला का आयोजन किया गया। बाल मेला में हाई स्कूल, मिडिल स्कूल एवं प्राथमिक स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक, एसएमडीसी सदस्य आदि सम्मिलित हुए। बाल मेला का शुभारंभ शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक निर्मलकर, सरपंच लालेश्वरी चंद्रवंशी, प्राचार्य रुपेश तिवारी ने किया। इस दौरान सूर्यप्रकाश ठाकुर, जीरजोधन पटेल, भुनेश्वरी साहू, आनंदी साहू, पन्ना सोनी, राजेंद्र मेश्राम, मोहिनी साहू आदि मौजूद थे। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं पं. नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। तीनों विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वनिर्मित पकवानों के स्टॉल लगाया। अंत में प्राचार्य रुपेश तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। संचालन मनोज देवांगन ने किया।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### दिवाली मिलन समारोह कल

**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज का जिला स्तरीय दिवाली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 17 नवंबर को स्थानीय सिन्हा सामुदायिक भवन में रखा गया है। आयोजन के दौरान ही जिला स्तरीय चुनाव की रूपरेखा तय की जाएगी। आयोजन का शुभारंभ सुबह 10 बजे अतिथि स्वागत से होगा। पश्चात दिवाली मिलन कार्यक्रम तथा सब इंस्पेक्टर तथा अन्य पदों पर चयनित स्वजातीय युवाओं का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर अतिथि प्रांतीय संरक्षक दीपक सिन्हा, प्रांतीय अध्यक्ष युवराज सिन्हा, प्रांतीय महामंत्री रिखीराम सिन्हा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष डॉ. बिसम्भर सिन्हा आदि उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा करेंगे।

### धान खरीदी का शुभारंभ

**सोमनी।** भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर के निर्देशानुसार स्थानीय सोसायटी में धान खरीदी का शुभारंभ पूजा अर्चना कर पूर्व अध्यक्ष नेपाल साहू, महेश साहू, गणेश चंदेल, चंदन कश्यप, हरिशचंद गौतम, सुरेन्द्र साहू, सदाराम, रमनसिंह राजपूत, छबि यदु, गोपाल साहू, समिति प्रबंधक रीतेश शर्मा ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में अंचल के किसान भी मौजूद थे।

### स्वधायी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं प्रारंभ

**राजनांदगांव।** कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव स्वधायी (अमहाविद्यालयीन/प्राईवेट) पंजीकृत छात्राओं की संपर्क कक्षाएं प्रारंभ हो गई है। छात्राएं अविलंब संबंधित विषय एवं विभाग में उपस्थित होकर अध्यापन कक्षाओं का लाभ उठाएं। निर्धारित अध्यापन अवधि के दौरान ही सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा (सीईए-01 एंड 02) एवं असाइंटमेंट दिया जाएगा। जिससे सभी पंजीकृत छात्राओं की सहभागिता नियमानुसार अनिवार्य है।

## विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री का वितरण

# जनजातीय समाज का इतिहास गौरवशाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनजातीय गौरव दिवस पर मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर जनजातीय शौर्य, लोक कला, संस्कृति की वैभव विरासत, विकास एवं निर्माण में सशक्त भागीदारी के लिए जनजाति गौरव दिवस मनाया गया। इस दौरान विधायक बिल्हा कौशिक का गौर मुकुट पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया गया। पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा धरमलाल कौशिक ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कार्यक्रम में शहीद परिवारों को सम्मानित किया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, खिलाडियों, कृषकों, महिलाओं को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोड़ महासभा नई दिल्ली सुशीला नेताम ने कहा कि आदिवासी समाज की पहचान ऐतिहासिक धरोहर है। उन्होंने कहा कि इस गौरवशाली इतिहास में जब भी देश में संकट आया है, तब-तब जनजातियों ने देश के लिए अपना बलिदान दिया है। उन्होंने आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा को स्मरण करते कहा कि उन्होंने 25 वर्ष की अल्पायु से ही अंग्रेजों के खिलाफ जल, जंगल और जमीन के लिए लड़ाई लड़ी। आदिवासी नागरिकों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने जनजातीय गौरव दिवस बहुत अच्छा आयोजन है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले शहीद वीर नारायण सिंह, गैंद सिंह, वीर गुंडाधूर, कंगला मांझी, रानी दुर्गावती को याद किया।

कार्यक्रम को प्रांताध्यक्ष जनजातीय गौरव समाज एमडी ठाकुर और जिला अध्यक्ष जनजातीय गौरव समाज नीलकंठ गढ़े ने भी जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर विकास प्रदर्शनी अंतर्गत जनजातीय समाज के नायकों की जानकारी दी गई। छात्रावास के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, रमेश पटेल, खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, राजेन्द्र गोलछा, संतोष अग्रवाल, शिव वर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोड़ महासभा नई दिल्ली सुशीला नेताम, प्रांताध्यक्ष जनजातीय गौरव समाज एमडी ठाकुर, जिला अध्यक्ष जनजातीय गौरव समाज नीलकंठ गढ़े, समाजसेवी आत्माराम चंद्रवंशी, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम खेमलाल वर्मा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।



### शासन की योजना का उद्देश्य सर्वांगीण विकास

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि महानायक बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस हमें हमारे पुराने संस्कार, गौरव, गौरवशाली इतिहास, परंपराएं, जीवन दर्शन, मान्यता, सामाजिक ताने-बाने को जानने समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति से सामंजस्य स्थापित करते जीवनयापन करते हैं। यह दृष्टिकोण आज के समय में भी प्रासंगिक है। देश एवं प्रदेश को प्रगति एवं समृद्धि की राह में ले जाने के लिए सभी को समन्वित प्रयास करने होंगे। शासन की योजना का उद्देश्य सभी का सर्वांगीण विकास है। मुख्य धारा से जनजाति समाज को जोड़ने कार्य करते शासन के प्रयासों को बेहतर आयाम देने की जरूरत है।

### जननायकों का गौरवगाथा अविस्मरणीय

पूर्व अध्यक्ष कौशिक ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि बिरसा मुंडा जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय पर आज हम जननायक श्री बिरसा मुंडा के जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का प्रवाह अगाध रूप से गतिमान है। अरण्य, ग्राम्य एवं संस्कृति को जीवन सूत्र में एक साथ पिरोने वाले आदिवासी समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। सामाजिक संगठन, समृद्ध संस्कृति तथा गहरी आध्यात्मिक चेतना जनजातीय समाज में रही है। इतिहास के पन्नों पर मुगल एवं अंग्रेजों से देश की आजादी की लड़ाई में भाग लेने वालों में प्रथम पंक्ति में आदिवासी समाज का नाम आएगा। हमारे देश में बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, रानी दुर्गावती, गुंडाधूर, गेंद सिंह, तिनका मांझी जैसे आदिवासी जननायकों का शौर्य, पराक्रम एवं गौरव गाथा अविस्मरणीय है, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। देश को गुलामी से मुक्त करने वाले ऐसे महानायकों के नाम लिपिबद्ध करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही वीर पुरूषों के शौर्य एवं पराक्रम को सामने लाने के लिए प्रयास किया गया है। शहीद वीर नारायण सिंह ने संकटकाल में गरीब एवं जरूरतमंदों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया। अंग्रेजों ने उन्हें फांसी की सजा दी। आज के परिवेश में आने वाली पीढ़ी को जनजातीय समाज की वीर गाथाओं से परिचित कराने की जरूरत है।

## कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- महिला मित्र मंडल एवं जमात मंदिर युवा समिति का आयोजन

मां बमलेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ हुआ। दंतेश्वरी पारा स्थित जमात मंदिर के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भागवत प्रवक्ता स्वामी शिव चैतन्य महाराज मोतीझील वृंदावन के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ मे आज शाम 4 बजे 101 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जो नगर भ्रमण करती हुई जमात मंदिर में जाकर संपूर्ण हुई । स्वामी शिव चैतन्य महाराज ने आज भक्तों को भागवत महात्म के साथ गोकर्ण व परीक्षित जन्म की कथा सुनाई। जमात मंदिर युवा समिति के सदस्यों ने बताया कि कल शनिवार को कुंती स्तुति भीष्म स्तुति कपीलीय व्याख्यान व ध्रुव चरित्र पर कथा होगी। 17 नवंबर को प्रहलाद स्तुति व वामन अवतार की कथा होगी, 18 को रामावतार व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 19 को श्रीकृष्ण की बाललीला व गोवर्धन पूजा, 20 को महारास लीला कंस वध उद्धव चरित्र व रुक्मणी विवाह, 21 नवंबर को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष के साथ भागवत पूजन होगा तथा 22 को गीता पाठ तुलसी वर्षा के पश्चात हवन के साथ पूर्णाहुति हो जाएगी। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के धर्म प्रेमियों से कथा रसपान का लाभ उठाने की अपील की है। शनिवार से कथा दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन होगी।

## पारीखुर्द स्कूल में मनाया गया तुलसी विवाह पर्व

**राजनांदगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द में तुलसी विवाह पर्व का आयोजन विधि-विधान से किया गया। बच्चों व शिक्षकों ने गन्ने का मंडप सजाया। तुलसीजी का साज-श्रृंगार किया और श्रद्धा भाव से तुलसी की पूजा-अर्चना करते शालिग्राम भगवान से विवाह विधि संपन्न कराई। बच्चों ने अपने शिक्षकों से तुलसी विवाह की कथा भी सुनी। साथ ही तुलसी के औषधीय महत्व को भी जाना।

इस अवसर पर प्रधान पाठक शिवकुमार सेवता, प्रधान पाठक प्रेमशंकर साव, शिक्षक दीपक साहू, विभा सिंहमारे, अनुपमा सोनी, पुष्पलता देवांगन, दोनों शालाओं के रसोइयों व बच्चों की उपस्थिति रही।



## मोतीपुर सरोवर में पूर्व सांसद यादव ने की पूजा

**राजनांदगांव।** कार्तिक मास की पूर्णिमा पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने मोतीपुर स्थित सरोवर में परिवार संग पूजा-अर्चना की। उन्होंने शहरवासियों और प्रदेशवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात श्री यादव ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का यह पर्व धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिन पवित्र जलाशयों में स्नान और पूजा-अर्चना करने से लोगों के रोग, दोष, कष्ट एवं संताप का नाश होकर उन्हें जीवन में सुख-समृद्धि, कीर्ति एवं उन्नति की प्राप्ति होती है। मोतीपुर सरोवर पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार उमड़ती रही, जहां दीप जलाकर देव दीपावली का पर्व उत्साह एवं आनंद के साथ मनाया गया। यह पर्व शहर में हर्षोल्लास और धार्मिक उमंग के साथ मनाया गया।



## धनेली में कबड्डी स्पर्धा का उद्‌घाटन

### दो दिवसीय आयोजन को लेकर उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के धनेली वार्ड में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के मुख्य आतिथ्य मे शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम अध्यक्ष जिपं सभापति विप्लव साहू रहे वही विशेष अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव नरेंद्र सेन, पूर्व पार्षद सोनूराम ढीमर और सियाराम वर्मा मौजूद थे। स्पर्धा का शुभारंभ वीर हनुमान के पूजा-अर्चना अतिथियों ने किया।

बीते 67 सालो से धनेली वार्ड में कबड्डी स्पर्धा के लगातार आयोजन को लेकर मुख्य अतिथि मनराखन देवांगन ने वार्ड के युवाओं को बधाई दी हर कार्य में सहयोग का वादा किया। इस दौरान विजय जंघेल, हनी शर्मा, दुर्जन वर्मा, संजय निषाद, नेमचंद वर्मा, रवींद्र वर्मा, द्वारिका वर्मा, अतुल झा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।



### 67 सालों से स्पर्धा जारी

कार्यक्रम अध्यक्ष जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि कबड्डी खेलने से युवाओ का स्वास्थ्य बेहतर रहता है। उन्होंने वार्ड में कबड्डी के अलावा हर खेल को लेकर अच्छा माहौल बनाए रखने के लिए वार्ड वासियो को बधाई दी। पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा ने कहा कि धनेली में बुजुर्गों ने कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ किया था जिसे बीते 67 सालो से निरंतर जारी रखे हुए हैं। उन्होंने आयोजन में सभी के सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद वर्मा ने और आभार प्रदर्शन नरेंद्र सेन ने किया।

## सम्मेलन से मजबूत होता है समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

समाज की सांस्कृतिक एकता, प्रगति, विकास और गतिविधियों पर राजधानी मे आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी सम्मेलन मे सर्व साहू समाज के संयोजक और जिपं सभापति विप्लव साहू शामिल हुए।

घनश्याम प्रसाद साहू के संयोजन और अशोक कुमार सरजू प्रसाद साहू की अध्यक्षता, इंजी नारायण साहू, प्रो घनाराम साहू, डॉ नारायण साहू, यशवंत देवान, हाईकोर्ट अधिवक्ता लवकुश साहू, रामलाल गुप्ता, नीलेश यादव, विक्की सिन्हा, किशन साहू के विशेष आतिथ्य व साहित्यकार सुखदेव राम साहू सरस के संचालन मे आयोजित संगोष्ठी मे जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा इतिहास बताता है कि मनुष्य का उद्भव और विकास क्रमिक रहा है। भारत में मनुष्य जातियों, उपजातियों में बंटा लेकिन सभ्यता के विकास का तकाजा है कि हम सभी मनुष्यों को गरिमा और बराबरी पर रखें, समभाव से व्यवहार करे इसलिए लगातार संगोष्ठी सम्मेलन आयोजित हो ताकि प्रत्येक समाज अपना अहंकार त्याग कर व्यापार वाणिज्य में भागीदारी बढ़ाए। निजी रिश्ता बनाएं और वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न करें। गौरतलब है कि प्रदेश में अपनी तरह का पहला आयोजन था जिसमें समाज के सभी वर्गों में व्याप्त विसंगतियों, कुरीतियों और विरोधाभास के वजहों और इन्हें दूर करने के बारे विमर्श किया गया। सभा में सामाजिक एकीकरण के लिए अनेक वक्ताओं ने अपना विचार प्रकट किया। इस अवसर पर अरपा छत्तीसगढ़ मासिक पत्रिका के मां शक्ति दर्शन विशेषांक का लोकार्पण किया गया।



## प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नपा परिषद मे प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत अध्यक्ष गिरजा चंद्राककर की उपस्थिति मे प्रथम शिविर आयोजित हुआ।

शिविर मे आवास से संबंधित हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास 2.0 के संबंध में जानकारी दी गई। सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने बताया कि शहरी भारत के पात्र हितग्राही बेहतर जीवन व्यतीत कर सके इसे लेकर आवास योजना 2.0 शुरू की गई है। इसमे रैपिड एसेसमेंट सर्वे बाद आवास निर्माण के लिए सहायता दी जाएगी। सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने बताया कि 2.0 मे शहरी क्षेत्रो मे ईडब्ल्यूएस, एलआईजी श्रेणी से संबंधित हितग्राही जिनके पास देश मे की पक्का मकान नही है उन्हें पात्र माना गया है। विधवा महिला, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर, अजा, अजजा, अल्पसंख्यकों के साथ साथ कमजोर वंचित वर्ग को इसमे वरीयता दी गई है।




### योजना से जुड़ी जानकारी साझा की

पात्रता को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि 2.0 मे पक्के आवास के लिए हितग्राही के पास आधार कार्ड, स्थानीय निवासी, भू स्वामित्व को लेकर दस्तावेज सहित तीन लाख से ऊपर की आय नही होनी चाहिए। उन्होने बताया कि योजना का लाभ पाने वेबसाईड मे हितग्राही को आनलाईन आवेदन करना होगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री अरुण सावजी द्वारा मुंगेली मे आयोजित कार्यक्रम मे किया गया जिसके तहत नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान सहित सभी वार्ड पार्षदों व जनप्रतिनिधियों सहित स्टाफ की मौजूदगी मे शिविर आयोजित कर योजना से जुड़ी जानकारी साझा की गई।

## तराजू और अन्नपूर्णा माता की पूजा अर्चना

# जालबांधा में धान खरीदी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा

धान खरीदी केन्द्रों में गुरुवार को सरकार द्वारा किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदना आरंभ हुआ। सर्वप्रथम तराजू एवं अन्नपूर्णा माता की पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का श्रीगणेश किया गया। इस दौरान किसानों को गुलाल तथा पुष्प हार पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

इस दौरान सरपंच दीनदयाल सिन्हा, प्रबंधक नरेश यादव, पूरन जंघेल, उमेश जंघेल, बालमकुन्द वर्मा, प्रहलाद ढीमर, कन्हैया वर्मा, गोलेश्वर वर्मा, किशोर वर्मा, कमल सिन्हा आपरेटर, राजेन्द्र वर्मा, फिरन वर्मा, विनोद चोपड़ा, भूखन, अर्जुन वर्मा, ऋषभ जैन, मनहरण साहू, सुखऊ साहू, बृजलाल, रामशरण, बेनलाल, योगेश, दुलेश, गैंदलाल कुर्रे सहित अन्य उपस्थित थे।



### किसानों के चेहरे पर दिखी खुशी

समर्थन मूल्य पर धान बेचने आए किसानों ने बताया कि प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपए में धान बेचकर सरकार ने हमारे चेहरे पर खुशी ला दी है। किसानों ने सुविधा को लेकर बताया कि धान खरीदी का पहला दिन है। बड़े आराम से धान खरीदी से खुश हैं। सही समय में धान की तौलाई शुरू हो गई, इसलिए कोई परेशानी नहीं है

### साफ-सुथरा धान लाने की अपील

सोसायटी में पहुंचने के बाद किसानों का धान की नमी जांच के बाद धान की तौलाई की गई। मशीन से पहले धान की नमी चेक करने बाद धान खरीदी किया गया। उसके बाद तेजी के साथ धान की तौलाई का काम शुरू हुआ। समिति प्रबंधक नरेश यादव ने कृषकों से साफ-सुथरा धान लाने की अपील की है, ताकि उनको किसी प्रकार की कोई परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### किसानों को नहीं होगी परेशानी

सरपंच श्री सिन्हा ने किसानों को बधाई देते कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए वादे को निभाया जा रहा है। धान बेचने के 72 घंटे के अंदर सभी किसानों को राशि प्रदान कर दी जाएगी। आगे जानकारी देते बताया कि 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदी किया जाएगा। सरपंच श्री सिन्हा ने धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करते खरीदी केंद्र में पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए हैं एवं किसानों के लिए पेयजल एवं बैठने की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

## नांदगांव के खिलाड़ियों ने जीते 26 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धमतरी के बाबू पंडारी राव करीदत इनडोर स्टेडियम में अयोजित 6वीं राज्य स्तरीय ओपन कराते प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिला कराते संघ के 29 खिलाड़ियों ने बालक एवं बालिका वर्ग में शिहान मुरली सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते 7 स्वर्ण, 6 रजत एवं 13 कांस्य पदक सहित कुल 26 पदक जीतने में सफलता प्राप्त कर राजनांदगांव जिले को गौरवान्वित किया ।

6वीं राज्य स्तरीय ओपन कराते टूर्नामेंट में आयोजक एवं निर्णायक मंडल में कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन एवं छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय तिवारी, महासचिव अमलतालुकदार, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रम्हाया नायडू, कोषाध्यक्ष डी. रमेश, उपाध्यक्ष अमर वरिष्ठ, उपाध्यक्ष मुरली सिंह भारद्वाज, राजनांदगांव जिले के प्रशिक्षक जयप्रकाश साहू, दुर्गेश साहू, ईषभ सिंह राजपूत सहित अन्य जिलों के कोच, रेफरी एवं आफिशियल्स उपस्थित रहे।




### अलग अलग वर्गों में हुआ आयोजन

टूर्नामेंट अलग-अलग वर्गों में अयोजित किया गया। जिसमें सब-जूनियर कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग शामिल थे। पदक विजेता खिलाड़ियों में सब जूनियर बालक वर्ग शिवांश सोनी (कांस्य पदक कुमिते 20 किग्रा), रिद्धांश चावड़ा (रजत पदक कुमिते 20 किग्रा) श्रेष्ठ मिश्रा (कांस्य पदक काता), कविश शाह (रजत पदक काता, कांस्य पदक कुमिते 25 किग्रा), कबीर साहू (कांस्य पदक काता एवं कुमिते 25 किग्रा), ऋषभ सिन्हा (स्वर्ण पदक काता), समर सोनी (कांस्य पदक काता), सब-जूनियर बालिका वर्ग बेरुशी साहू (कांस्य पदक काता), नितिशा निप्पाने (स्वर्ण पदक कुमिते, 25 किग्रा, कांस्य पदक काता), पारुल साहू (कांस्य पदक काता, रजत पदक कुमिते 30 किग्रा), दीतीशा साहू (कांस्य पदक), झलक साहू (स्वर्ण पदक), कैडेट वर्ग बालिका धात्री साहू (रजत पदक काता), पूर्वील साहू ( स्वर्ण पदक कुमिते 40 किग्रा कांस्य पदक काता), कैडेट वर्ग बालक भास्कर साहू (स्वर्ण पदक कुमिते 45 किग्रा, कांस्य पदक काता), दीपांशु सिन्हा (रजत पदक कुमिते 45 किग्रा), पीश्री बालाजी (रजत पदक कुमिते 55 किग्रा), सीनियर वर्ग बालिका लोकिता साहू (स्वर्ण पदक कुमिते 50 किग्रा, कांस्य पदक काता), सीनियर वर्ग बालक तरुण साहू (स्वर्ण पदक कुमिते 67 किग्रा, स्वर्ण पदक काता) शामिल हैं।

तीन किमी सड़क नहीं बन सकी 530 दिनों में

# सड़कों में गहरे गड्ढे, खतरे में लोगों की जान

*विकास का पैमाना और लाईफ लाईन माने जाने वाली सड़के इस साल की भीषण बारिश से दम तोड़ चुकी है। शहर और गांव की सड़कों को बड़े बड़े गड्डे हो गए है। वर्तमान में सड़कों की हालत यह है कि गहरे गड्डों से हिचकोले खाते हुए वाहन गुजरते है जिससे कई बार हादसे हो जाते है और लोगों की हाथ पैर तुड़वाने के अलावा कई बार अपनी जान भी गंवाना पड़ जाता है किन्तु सड़कों का कायाकल्प करने की जिम्मेदारी संभालने वाला लोक निर्माण विभाग नया निर्माण करना तो दूर जीर्णोद्धार भी नहीं कर रहा है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने शहर की सड़क का चौडीकरण किया जा रहा हैं जो लोक निर्माण विभाग की अक्षमता के चलते मुसीबत बन गई है। वर्क आर्डर जारी होने के डेढ़ साल बाद सड़क निर्माण टुकड़ों में नजर आ रहा हैं और आए दिन होने वाले हादसों से लोगों के हाथ पैर टूट रहे हैं।

लोक निर्माण विभाग ने तिगाला पेट्रोल पंप से तेंदूपत्ता गोदाम तक करीब 3.30 किमी सड़क के चौडीकरण के लिए 1542.84 लाख की मंजूरी दी थी। विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद 12 मई 2023 को वर्क आर्डर जारी हुआ था। इस कार्य को 12 महीनों में पूरा करना था किन्तु 18 महीने में काम अधूरा और टुकड़ों में बंटा दिखाई दे रहा है। काम की शुरुवात चौडीकरण से किया गया था, जिसके पूरा होने के पहले ही डिवाइडर बनाना शुरू कर दिया गया। इस काम के अधूरा रहते हुए नाली निर्माण चालू कर दिया गया जो भी एक सिरे से नहीं बन रही है।




## लोगों के टूटते हाथ- पैर

अस्त व्यस्त निर्माण के चलते स्टेट हाइवे पर सफर करना काफ़ी खतरनाक साबित हो रहा है। अब तक दर्जनों बाइक सवार डिवाइडर में घुस कर अपने हाथ पैर तुड़वा चुके हैं। कई चार पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। आए दिन हादसे होने के बाद भी विभाग सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी आँख बंद किए हुए हैं, जबकि विधायक इस मसले को लेकर आंदोलन भी कर चुके है। वहीं भाजपा नेताओं के ज्ञापन सौंपने के बाद भी कार्य की गति और शैली में सुधार नहीं होने से पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

## निर्माण के साथ थेगड़ा लगना शुरू

सड़क निर्माण की वर्तमान में हालत यह है कि निर्माण के साथ ही विभिन्न स्थानों पर गड्डे होने के बाद पैबंद लगाना शुरू हो गया है। विद्युत मंडल कार्यालय, फव्वारा चौक, जन सेवा पेट्रोल पम्प सहित अन्य जगहों पर गहरे गड्डे हो गए हैं। किसान कृषि केंद्र से शनि मंदिर तक डिवाइडर का काम शुरू नहीं हुआ है। चौकी से डोंगरगाव की ओर जहाँ डिवाइडर बना है जो क्षतिग्रस्त होने लगा है। नाली के लिए एसडीएम कार्यालय के सामने महीनों पहले खुदाई किया गया था किन्तु अब निर्माण नहीं सका है।

## जनप्रतिनिधियों पर ठेकेदार भारी

विधायक की विशेष रूचि पर बघेल सरकार ने सड़क चौडीकरण को मंजूरी दिया था। लाभ को देखते हुए यह कार्य विधानसभा चुनाव के पहले शुरू किया गया, किन्तु ठेकेदार की कार्य शैली ने विधायक की ही जड़ों को हिला दिया। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में विधायक को शहर में करीब दो हजार मतों से पिछड़ना पड़ा था। वहीं लोकसभा चुनाव में यह आकड़ा करीब 27 सौ तक पहुंच गया था। अब विधायक विपक्ष होने के कारण कुछ नहीं कर पा रहे हैं वहीं भाजपा नेता भी अपनी सरकार होने के बाद भी सड़क बनवाने में नाकाम साबित हो रहे हैं जिसका दुष्परिणाम निकाय चुनाव में देखने मिल सकता है।

## जंगल क्षेत्र की सड़कें जर्जर



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत बोरतलाव की सड़कों का बुरा हाल है। जगह - जगह गड्ढे हो गए हैं जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्कूली बच्चो को आने जाने में परेशानी हो रही है। सरपंच सरिता ओमप्रकाश मंडावी ने बताया कि गांधी नगर से बोरतलाव रेलवे गेट तक सड़क की हालत ज्यादा ख़राब है जिसकी जल्द मरम्मत कराने की आवश्यकता है। आदिवासी अंचल की सड़कों को बनाने में करोड़ों रूपए खर्च किया जा रहा है किन्तु गड़बड़ी और अधिकारियों की अनदेखी के चलते सड़कों का निर्माण ग्रामीणों की अपेक्षा और शासन की मंशा के अनुरूप नहीं हो रहा है। करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़कें निर्माण के कुछ महीनों बाद खराब हो जाती है। कुछ महीने पहले बनी कारूटोला से कोठीटोला सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि देखकर नहीं कहा जा सकता है कि इस निर्माण हाल ही में हुआ है। सड़कों की हालत देखकर यह तो तय है कि सड़के बनाते समय इंजिनियर जानबुझकर गुणवत्ता को नजरअंदाज करते है और विभाग के उच्च अधिकारी कभी मानिटरिंग नहीं करते जिसके कारण ठेकेदार मनमर्जी से सड़कों का निर्माण कर बंदरबाट करते है।

## सड़क से डामर गायब



**छुरिया।** बजरंगपुर और गोपालपुर को ब्लाक मुख्यालय छुरिया से जोड़ने वाला मार्ग जर्जर हो गया है। पूरी सड़क से डामर की परत उखाड़ चुकी है। इस मार्ग पर यातायात का दबाव अधिक रहने से लोगों को आवाजाही करने में काफी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़कों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़क का डामर उखड़ गया है और जगह जगह गड्ढे दिखाई दे रहे है। स्कूल- कालेज आने वाले बच्चों को गड्डों पार करते हुए पहुंचना पड़ता है। इस मार्ग के जर्जर होने से आए दिन दुर्घटनाएं भी होते रहती है।

## जर्जर सड़क होने से परेशानी



**सड़क अतरिया।** मुख्य मार्ग सहित ग्रामीण सड़कें बारिश के कारण जर्जर हो चुकी है। बारिश के बाद सड़क की मरम्मत नहीं किया जा रहा है जिसके चलते लोगों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। सड़क पर कहीं धूल है तो कही गडडों के कारण वाहन हिचकोले खाते हुए चलते हैं। दो जिलाको जोड़ने वाली सड़क में चकनार से ठंड़ार चौक तक सड़क पूरी तरह उखड़ गई है। बड़े वाहनों के गुजरने पर दो पहिया सवारों को धूल स्नान करना पड़ता है। इस मार्ग में नर्मदा, सड़क अतरिया के अलावा कुछ अन्य जगह जानलेवा गड्डे हो गए हैं जिसमें मिट्टी डालकर खानापूर्ति किया गया है। चकनार से दौजरी मार्ग तक डेढ़ किलोमीटर सड़क पूरी तरह से उखड़ चुकी है। संड़ी से पंडरिया, खैरबना से बगदूर, खैरबना से मानपुर मार्ग भी जर्जर होकर दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है। बाढ़ आने से कुछ ग्रामीण सड़कों में बने पुल पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के बाद मरम्मत नहीं होने से छात्रों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## सार समाचार

### कार्तिक पूर्णिमा पर गोबर से बने दीपक का दीपदान




**राजनांदगांव।** कार्तिक पूर्णिमा पर मोहारा नदी में दीपदान के लिए गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव द्वारा देशी गाय के गोबर से बने तैरने वाले दीये की व्यवस्था की गई थी। जल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बनाए गए गोबर के दीपक का श्रद्धालुओं ने दीपदान के लिए उपयोग किया। नदी के पानी को प्रदूषित करने वाले दीयों के बदले प्राकृतिक रूप से देशी गाय के गोबर से बने दीयों की जगमग से लोगों को जल प्रदूषण के प्रति जागरूक भी किया गया।

गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा पर नदी में दीपदान एवं स्नान की महिमा शास्त्रों में बताई गई है, लेकिन आज अज्ञानतावश नदी में दीपदान के लिए थर्माकोल, नकली तेल, प्लास्टिक, झिल्ली सहित अन्य अनुचित साधनों का प्रयोग करते हैं। नागरिकों को जल प्रदूषण के प्रति जागरूक करने एवं दीपदान के लिए एक बेहतर विकल्प देने के उद्देश्य से गोबर से बने दीये के साथ बाती व शुद्ध तेल उपलब्ध कराए गए थे। उन्होंने गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने, गौ के संरक्षण व संवर्धन तथा पर्यावरण सुरक्षा के लिए विभिन्न पर्वों में दीपदान के लिए गोबर से बने दीपक का उपयोग करने का निवेदन किया। इस अवसर पर संस्थान के सदस्य आर्य प्रमोद कश्यप, डिलेश्वर साहू, आचार्य डॉ. अपूर्व प्रधान, पुरूषोत्तम देवांगन, बाल गौसेवक आयान एवं आराध्या का विशेष सहयोग रहा।

### आरोग्यम में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाएं

बिजनेश साइट

**राजनांदगांव।** शहर में संचालित आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक में विषय विशेष चिकित्सकों द्वारा अलग-अलग दिनों पर उपचार की विशेष सुविधा दी जा रही है। यहां शनिवार को किडनी, पथरी, नस, मस्तिष्क, लकवा, मिर्गी, आधा सिर दर्द, ईएनटी, निःसंतानता (आईवीएफ) एवं कॉस्मेटिक गाइनोकोलॉजिस्ट एवं चर्म रोग विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध रहेगी।

शहर के हृदय स्थल स्थित सतनाम भवन नया बस स्टैंड के पास जीई रोड में विश्व स्तरीय वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम उपचार एवं चिकित्सीय सुविधा हेतु उपलब्ध रहेंगे। जिनमें प्रमुख रूप से किडनी, प्रोस्टेट, पथरी रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन राम दारूका, वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके साहू, नस मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह, कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ. नमन पिंचा एवं निःसंतानता एवं कॉस्मेटिक गाइनोकोलॉजिस्ट डॉ. रैनी अग्रवाल (मुंबई) तथा चर्म रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि राजनांदगांव एवं आसपास के क्षेत्र से किसी भी गंभीर समस्या बीमारी के इलाज एवं परामर्श हेतु ज्यादातर लोग रायपुर एवं अन्य बड़े शहर की तरफ जाते हैं, परंतु अब किसी भी गंभीर बीमारी एवं उसके परामर्श उपचार हेतु बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यह सुविधा आपके शहर में ही मिलेगी।

## देश सेवा के लिए युवाओं को मिल रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के खेल प्रशिक्षक शैलेंद्र तिवारी द्वारा देश सेवा का जज्बा पाले हुए युवाओं को भारतीय सेना सहित पुलिस विभाग में जाने के लिए प्रेरित करने के साथ ही उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मध्यम वर्गीय परिवार के युवाओं को यहां मिल रहे निःशुल्क प्रशिक्षण के चलते वर्तमान में चार युवतियों का चयन पुलिस विभाग में सब-इंस्पेक्टर के लिए हुआ है।

शहर के पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय परिसर के ग्राउंड में युवाओं को प्रतिदिन सुबह खेल प्रशिक्षक शैलेंद्र तिवारी द्वारा निःशुल्क शारीरिक दक्षता का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को भारतीय सेना, पुलिस विभाग, वनरक्षक, होमगार्ड जैसे भर्ती प्रक्रिया के लिए काफी सहायता मिलती है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से अब तक लगभग एक दर्जन युवा भारतीय सेना और पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



### सब-इंस्पेक्टर के लिए 4 युवतियों का हुआ चयन

इस निःशुल्क प्रशिक्षण के माध्यम से पुलिस विभाग में एसआई के पद पर चयनित हुई मनीषा ग्वाले और हर्षा वर्मा का कहना है कि यहां काफी बेहतर प्रशिक्षण मिलता है। जिसके बल पर ही उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया है।

### प्रशिक्षण से युवा हो रहे दक्ष

सशस्त्र बलों में जाने के लिए दी जा रही इस निःशुल्क प्रशिक्षण में युवाओं को काफी बेहतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भर्ती के लिए तय पैमाने से अधिक युवाओं को दक्ष किया जा रहा है। इसके लिए उन्हें 1800 मीटर की दौड़, ऑप्टिकल, पुलअप, बीम बैलेंसिंग, जंप जैसे प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं।

### जज्बे और जुनून से मिलती है सफलता

निःशुल्क प्रशिक्षण देने वाले खेल प्रशिक्षक शैलेंद्र तिवारी का कहना है कि किसी भी कार्य को जुनून से करने से सफलता जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि वह भी फौज में जाना चाहते थे, लेकिन उनकी ख्वाहिश अधूरी रह गई। इसके बाद उन्होंने अन्य युवाओं को इस ओर प्रेरित करने के साथ ही निःशुल्क प्रशिक्षण देने की सोची और युवाओं को प्रशिक्षण देने लगे। उन्होंने बताया कि उनके पास निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवा आज भारतीय सेना, सीआरपीएफ, वन विभाग और पुलिस विभाग में कार्यरत है।

### अग्निवीर के लिए प्रशिक्षण

आगामी 4 से 12 दिसंबर को रायगढ़ जिले में आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए वर्तमान में यहां युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां लगभग 25 युवतियां और 35 युवक निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अग्निवीर की भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रही संगीता साहू का कहना है कि वह एक किसान परिवार से है, किसी अकादमी में जाकर वह प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर सकती है, लेकिन यहां काफी बेहतर प्रशिक्षण उन्हें मिल रहा है। संगीता साहू ने कहा कि देश सेवा करने का जज्बा मन में है, इसलिए वे अग्निवीर भर्ती परीक्षा में शामिल होगी।

## पशु तस्कारी के दो आरोपी पकड़ाए

- चिल्हाटी पुलिस की कार्रवाई
- मवेशी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



अवैध रूप से मवेशियों की तस्करी करने के मामले में पुलिस ने ग्राम चिल्हाटी पानी टंकी के पास आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 15 नवंबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि अंबागढ़ चौकी तरफ से बिना चारा-पानी के ठूंस-ठूंस कर भरकर जानवर ले जा रहा है कि सूचना पर मेन रोड पानी टंकी के पास ग्राम चिल्हाटी के पास आने-जाने वाले वाहनों को चेकिंग कार्रवाई किया। पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान अंबागढ़ चौकी रोड से आते बोलेरो पिकअप वाहन को चेक करने पर अवैध रूप से पशु तस्करी करते पाए जाने पर आरोपियों के कब्जे से 3 नग भैंसी एवं एक बोलेरो पिकअप वाहन को जब्त कर आरोपी सुजीत लाल 34 साल साकिन कैलाश नगर जिला दुर्ग, संतोष पाल 38 साल साकिन दुर्ग सिकुला भाटा को रंगे हाथ पकड़कर उनके खिलाफ धारा 4, 6, 10 छग कृषिक पशु परीरक्षण अधि. 2004, धारा 11 घ पशु क्रूरता अधि. 1960 अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया।




## कार्तिक पूर्णिमा में आस्था की डुबकी के साथ पूजा-अर्चना



**राजनांदगांव।** मां गायत्री दिया मंडल गायत्री परिवार एवं बाल रत्न मंच सेवा समिति, बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान के संयोजक योगेश साहू, सौरभ खंडेलवाल व पंकज गुप्ता ने बताया कि सनातन संस्कृति में विश्व मंगल की कामना की जाती है। ब्रह्म मुहूर्त में मोहरा स्थित शिवनाथ नदी में कार्तिक पूर्णिमा पर प्रातः 5.30 बजे स्नान आस्था की डुबकी एवं प्रातः 6 बजे शिवनाथ नदी का पूजन-अर्चन एवं मां गंगा मैया, भगवान शिव की महाआरती का महा आयोजन भक्तों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सौरभ खंडेलवाल एवं कैलाश गुप्ता ने कहा कि छोटे बच्चों को सनातन संस्कृति के बारे में बताना चाहिए। कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली मनाई जाती है। आयोजन में पधारे अशोक लोहिया, सोहनलाल गुप्ता, योगेश साहू, सौरभ खंडेलवाल, सूरज गुप्ता, लोकेश अग्रवाल, कैलाश गुप्ता, अनिल होलानी, पवन लोहिया, सुदीप पंकज खंडेलवाल, अमित लोहिया, प्रीति गुप्ता, रुचि गुप्ता, बच्चे एवं अन्य नगरवासी शामिल हुए।




## रूवातला में मनाया गया बाल मेला



**राजनांदगांव।** प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन पर शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक शाला रूवातला के प्रांगण में बाल मेले का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम चाचा नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण पर बाल मेला प्रारंभ किया गया। पहले बच्चों में खेल प्रतियोगिता रस्सा कस, मटकी फोड़ कराया गया एवं विभिन्न प्रकार के खाने भेल, जाम, आलू भजिया, मिर्च भजिया, मुगेडी, आलू गुंडा, चना चटपटी, गुपचुप, इडली, अपे, मैगी पास्ता के स्टॉल लगाए। कार्यक्रम में प्रधानपाठक लूणकरण वर्मा, बंदिश नेमपांडे, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षा दास, नीतू वर्मा एवं लोकमती वर्मा आदि उपस्थित थे।






## खबर संक्षेप

### पुरानी परम्परा आज भी कायम, किसान धान उपज की पूजा कर सहेज रहे अपनी फसल



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश को धान का कटोरा कहा जाता है, वहीं प्रदेश में अन्य फसलों के साथ-साथ ही सर्वाधिक उपज धान की फसल होती है। जिसे सहेजने में ग्रामीण किसान जुटे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र मे धान फसल की कटाई व मिजाई के पश्चात खेत-खलिहान में धान उपज फसल को थ्रेशर व हार्वेस्टर की मदद से धान उपज को ग्रामीण किसान एकत्र कर उसके आकर्षक तरीके से ढ़ेर लगाकर विधि विधान से पूजा अर्चना व गेंदे या अन्य फूल से चारों तरफ आकर्षक सजाया साथ ही साथ नापने के रखे गए काठा, सूपा, कलारी सहित कृषि से जुड़े औजारों को रखकर पुरानी परंपरा अनुसार क्षेत्र में ग्रामीण किसान धान उपज को सहेज रहें है।

### बरबसपुर में आनंद बाल मेला आयोजित, छात्र-छात्राओं ने लगाए विभिन्न स्टॉल



**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर में छात्र-छात्राओं ने बाल दिवस के अवसर पर आनंद बाल मेला आयोजित किया। मेले की शुरुआत संकुल प्राचार्य लक्ष्मण मिरी व विद्यार्थियों के साथ मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया, वहीं बच्चों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। व्याख्याता सीमा वर्मा, वर्षा सोनी, कामना श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, योगेश चौरिया, अनुराग जायसवाल ने आनंद बाल मेला आयोजन के संबंध मे अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे छात्र छात्राओं में कौशल क्षमता के विकास के साथ-साथ क्रय-विक्रय करने की कौशलों का विकास कराना है, जिससे आगे चलकर इन कौशलों का उपयोग अपने दैनिक जीवन में इस्तेमाल कर सकें। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया साथ ही साथ स्कूल परिषर को सजावट कर स्टॉल लगाया गया। इस बाल मेले में विभिन्न प्रकार की सामग्री को बेचने के स्टॉल लगाए गए। जिसमें विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी व्यंजन व साग-सब्जी लगाया गया साथ ही कई बच्चे शैक्षिक मनोरंजन का भी स्टॉल लगाए थे। इस प्रकार इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जोड़कर आत्मनिर्भर कैसे बन सकते हैं उसके लिए जागरूक किया जाएं।

### पिपरिया में विश्व मधुमेह दिवस मनाई गई



**हरिभूमि पिपरिया।** विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद चंद्रवंशी के कुशल नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में एनपी-एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत विश्व मधुमेह दिवस मनाई गई। इस अवसर पर सभी स्टॉफ व मरीजो का बीपी व मधुमेह जांच कर इसके बचाव तथा प्रबंधन के लिए नियमित व्यायाम साथ ही साथ शारीरिक श्रम, संतुलित आहार व जीवनशैली में परिवर्तन कब, कितना और क्यो करना चाहिए उसके बारे में ओपीडी में आए हुए सभी मरीजो को स्वास्थ्य शिक्षा व जन जागरूक किया गया। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### मक्के स्कूल में धूमधाम से मनाई गई बाल दिवस



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू की 135वीं जयंती मनाई गई, पं जवाहर लाल नेहरू बच्चों कें प्रति बहुत ही स्नेह करते थे उन्होंने बच्चों को देश के भविष्य के रूप में देखा और उनकी समृद्धि के लिए काम किया। वहीं उनकी याद में 14 नवम्बर उनकी जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाते हैं इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक फैंसी ड्रेस व नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन ने सभी विद्यार्थियों को मिठाइयां खिलाई साथ ही शिक्षक निर्मल कुमार पात्रे, प्रधान पाठक अशोक पांडेय, कपूर चंद्रवंशी, युगल साहू, कौशल खांडे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दुखिया साहू, रसोइयां श्रीमती रजन बाई, मोहित साहू तथा स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

भगवान बिरसा मुंडा के योगदान के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है जनजातीय गौरव दिवस: भावना

# आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान के सर्वमान्य प्रतीक पुरुष बिरसा मुंडा : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पूरा भारतवर्ष स्वतंत्रता संग्राम और जनजाति समाज के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले एवं ब्रिटिश हुकूमत की जड़ों को झक-झोरने वाले, जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए उलगुलान करने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस मनाई। इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा कवर्धा स्थित पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस में शामिल हुई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुई।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि आज धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है जिसे पीएम नरेंद्र मोदी के पहल से पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रहा है। यह दिवस भगवान बिरसा मुंडा के योगदान एवं जनजातीय समुदाय द्वारा प्रकृति की रक्षा एवं आदिवासी परंपरा को सहेजने हेतु कृतज्ञता व्यक्त करने का दिवस है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज को मातृभूमि और संस्कृति की रक्षा के लिए प्रेरित किया। आदिवासी अस्मिता से खिलवाड़ करने वाली अंग्रेजी हुकूमत को उन्होंने कड़ी चुनौती दी और स्वाधीनता सेनानियों के आत्मबल को मजबूत किया। धरती आबा के त्याग, वीरता और पराक्रम के संस्मरण हेतु देश भर में मनाए जा रहे जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भगवान बिरसा मुंडा कृतज्ञतापूर्वक नमन किया।

उन्होंने कहा कि भारत का जनजातीय समाज अपनी पारम्परिक विशेषता के लिए पहचाना जाता है। इस समाज में मौखिक शिक्षा की परम्परा रही है। अपनी सभ्यता संस्कृति और सहजता की विशिष्टता लिए यह समाज विश्व स्तर में अलग पहचान बनाए हुए हैं। वर्तमान भारत के निर्माण में भारतीय जनजातीय समाज ने अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है। अतीत से लेकर वर्तमान तक हमारे जनजातीय समाज के भाई-बहनों का गौरवशाली इतिहास है। इन्होने अपनी कर्मठता, सहजता, सरलता और सत्य निष्ठा के लिए विश्व में ख्याति अर्जित की है । प्रकृति के साथ जीवन जीते इस समाज ने प्रकृति से प्राप्त औषधियों तथा उसके संरक्षण के लिए जो भी कदम उठाएं हैं वह अतुलनीय है। ज्ञान का अतुलनीय भण्डार लिए आदिवासी समाज का देश की उन्नति में विशिष्ट योगदान दे रहें हैं। उनके इसी योगदान को सम्मान देने के लिए प्रधानमंत्री ने 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की जो पहल की है वह सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में भगवान बिरसा मुंडा के सपने साकार हो रहे है, आदिवासी समाज की संस्कृति और अस्मिता को नई पहचान मिल रही है। आदिवासी समाज का गौरव पुनः प्रतिस्थापित हो रहा है।



#### बिरसा मुंडा जयंती पूरे देश में जनजातीय समाज को जोड़ने का माध्यमः सांसद

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि 1947 में हमारा देश आजाद हुआ। उन्होंने देश के महान शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए कहा कि इनका नाम सदैव गौरव से लिया जाता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में शहीद वीर नारायण सिंह ने यहां की आदिवासियों के लिए आवाज उठी वैसे ही बिहार में भगवान बिरसा मुंडा ने वहां की संस्कृति, सभ्यता, परंपरा, रीति रिवाज के लिए संवारने का कार्य किया है। उन्होंने क्रांति का बीड़ा उठाया और आदिवासी, जनजातियों के संस्कृति की रक्षा सभ्यता को बचाने का कार्य किया है। संसद श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने बिरसा मुंडा की जयंती को पूरे देश में जनजातीय समाज को जोड़ने का माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनजातीय समुदाय को विशेष पहचान और सम्मान दिया है। आजादी के बाद भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित करने और उसे नई पहचान देने का जो कार्य हुआ, वह प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ है। उन्होंने बस्तर के दशहरा, राजिम के महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और प्रचारित करते हैं। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि महापुरुष किसी एक समाज के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की संपत्ति होते हैं। सूरदास, तुलसीदास, गुरु घासीदास, चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, भगत सिंह, वीर नारायण सिंह, सुरेंद्र सिंह और गुण्डाधुर जैसे महान चिंतकों और क्रांतिकारियों ने भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि जब-जब भारत माता पर कोई संकट आता है, हमारे देश के वीर सपूत अपने कर्तव्य का पालन करते हुए त्याग और बलिदान का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

# हरिनछपरा धान खरीदी केंद्र में समस्याओं का अंबार

बुनियादी समस्या से झुझ रहें आसपास क्षेत्र के किसान



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

पूरे प्रदेश में 14 नवम्बर से धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। जहां ग्रामीण किसानों द्वारा टोकन के आधार पर धान खरीदी केन्द्र पहुंचा। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से अंतर्गत हरिनछपरा धान खरीदी केंद्र में समस्याओं का अंबार होने से ग्रामीणों किसानों को भारी दिक्कते व परेशानियों का सामना करना पड़ है। हरिनछपरा संचालित धान खरीदी केन्द्र में बिजली सब स्टेशन हरिनछपरा तथा पीएम सड़क नाऊडीह जाने वाले सड़क के किनारे स्थित है, वहीं पक्की सड़क के अभाव किसानों को अपनी धान फसल को खरीदी केन्द्र तक ले जाने के लिए कड़ी मसक्कत करनी पड़ रही है वहीं सिर्फ और सिर्फ चार चबूतरा तथा ग्रामीण किसानों को पेयजल की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिनछपरा धान खरीदी केन्द्र में कार्यालय निर्माण कार्य के अभाव में बांस बल्लियों तथा पॉलिथीन के माध्यम से झोपड़ी नुमा निर्माण कर काम काज संचालित किया जा रहा है।

### मोहतरा खुर्द में भाजपा मंडल पंडरिया का बैठक संपन्न



**हरिभूमि पंडरिया।** भाजपा केंद्रीय एवं प्रदेश के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक साहू के मार्गदर्शन में बुधवार को पंडरिया मंडल द्वारा मोहतरा खुर्द स्थित साहू भवन में बूथों का गठन, महासदस्यता, सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बूथों का गठन, महासदस्यता अभियान एवं सक्रिय सदस्यता अभियान के संदर्भ में मुख्य अतिथि भाजपा जिला कोषाध्यक्ष एवं पंडरिया मंडल चुनाव अधिकारी रूपेश जैन द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही मंडल अध्यक्ष एवं पंडरिया मंडल चुनाव सह अधिकारी गजपाल साहू द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन मिला तत्पश्चात वरिष्ठ नपा सांसद प्रतिनिधि नवल किशोर पांडेय, कुलदीप छाबड़ा का मार्गदर्शन मिला जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित पंडरिया विधानसभा संयोजक कल्याण सिंह, विशाल शर्मा, रवीश सिंह, खेमसिंह, देवचरण यादव, भास्कर देवांगन, अनुराग सिंह, लाला यादव, विजय घृतलहरे, रितेश सिंह, नरोत्तम साहू, पवन कुंभकार, श्रीमती अंजू शर्मा व समस्त पदाधिकारी तथा मातृ शक्तियां मंडल उपाध्यक्ष नंदकिशोर हलवाई, पुरन राजपूत, झयकुमार चंद्रवंशी, शिवचरित्र सिंह, रामेश्वर साहू, फूलसिंह मीरे सहित कार्यकर्ता बंधुओ की गरिमामयी उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ।

# शहर व क्षेत्र में दीप प्रज्ज्वलित कर मनाई गई कार्तिक पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

ग्राम कोलेगांव सहित घोरपेंड्री, बसनी, खैलटुकरी, पेण्ड्रीकला, कंझेटा, भगतपुर, धनेली, पिपरमाटी में दीप प्रज्जवलित कर कार्तिक पूर्णिमा का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। जिस पर दिनेश पांडेय ने बताया हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ ही भगवान शिव की पूजा भी की जाती है, पौराणिक कथाओं में बताया गया है कि इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का अंत करके उसके आतंक से देवताओं को मुक्ति दिलाई थी, इसलिए इस दिन का महत्व शास्त्रों में बहुत खास माना जाता है। इस दिन पूजापाठ के साथ दान पुण्य करने और गंगास्नान करने से आपके सभी कष्टस दूर होते हैं और कई जन्मों के पापों का अंत होता है। इसे त्रिपुरी पूर्णिमा या गंगा स्नान पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस दिन स्नान, दान, दीपदान और पूजा की जाती है। कार्तिक पूर्णिमा पर सत्यनारायण भगवान की पूजा करने का खास महत्व बताया गया है। इस दिन घर में सत्यनारायण भगवान की कथा करवाने आपके घर की शुद्धि होती है और हर प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। इस दिन सत्यनारायण भगवान की पूजा करने से ग्रहदशा अनुकूल होती है और आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। साथ ही मां लक्ष्मी आपसे प्रसन्न होकर परिवार के सभी लोगों को तरक्की प्रदान करती हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन सृष्टिकर्ता भगवान ब्रह्मा का अवतरण पुष्कर के पवित्र सरोवर में हुआ था। इस दिन ब्रह्मा ने अपनी रचना शक्ति का उपयोग करके जीवों, पृथ्वी और प्रकृति का सृजन किया था, जिससे सृष्टि में जीवन का संचार हुआ। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लाखों की संख्या में तीर्थयात्री ब्रह्मा की नगरी पुष्कर आते हैं। पवित्र पुष्कर सरोवर में स्नान करने के पश्चात ब्रह्मा जी के मंदिर में पूजा-अर्चना कर दीपदान करते हैं और देवों की कृपा पाते है।



## निधन

### लखन कुर्रे



**हरिभूमि कुण्डा।** ग्राम लोखान निवासी गौटिया व पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत ओडाडबरी लखन कुर्रे का शुक्रवार को निधन हो गया। स्व.लखन कुर्रे 80 वर्ष के थें उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम लोखान स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। स्व.लखन कुर्रे के निधन से परिवार व क्षेत्र में शोक व्याप्त है। स्व.लखन कुर्रे जनपद अध्यक्ष पंडरिया समुन्द सेवाराम कुर्रे के ससुर थें। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धाजंली अर्पित की गई।




# सीनियर सिटीजन समिति की 12 वर्षों सामाजिक दायित्वों का सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी सुंदूर वनांचल क्षेत्र गरीब आदिवासी, आदिवासी बैगा जनजाति के निवासियों को कंबलों एवं महिलाओं के लिए साड़ियों एवं बच्चों के लिए वस्त्र आदि का वितरण नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में वितरण किया जाएगा। समिति के सदस्य गण इसके लिए अपनी-अपनी श्रद्धा के अनुसार आर्थिक सहयोग करते हैं। इस पुनीत कार्य में नगर की धार्मिक संस्था मां विंध्यवासिनी मंदिर समिति की ओर से साड़ियां प्राप्त होती है व नगर के गणमान्य नागरिकों से वस्तुओं का अथवा आर्थिक रूप से सहयोग प्राप्त होता है। जिसमें पिछले वर्ष समय नगर की अभ्युदय, गुरुकुल, होली किंगडम, होली क्रॉस, दिशा पब्लिक स्कूल, श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल एवं अशोका पब्लिक स्कूल से भी सहयोग के रूप में कंबल एवं बच्चों के वस्त्र प्राप्त हुए थे। समिति नेकी की दुकान अंतर्गत जिनके भी घरों में वस्त्र एवं अन्य सामग्रियां एकत्रित कर के गरीब आदिवासियों में वितरित करती है। जिस पर समिति व नगर के समस्त प्रबुद्ध जनों से अपील कर जो भी सहयोग समिति को करना चाहे आर्थिक रूप से अथवा सामग्री के रूप में समिति के कार्यालय सियान जतन, कलेक्ट्रेट परिसर में 22 नवंबर तक सहयोग की अपील की गई।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

बाल मेला व प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

# बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा में बाल दिवस पर बाल मेला एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सपंन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा में बाल दिवस के अवसर पर छात्र छात्राएं द्वारा फैंसी ड्रेस आयोजन किया गया साथ ही साथ बाल मेला आयोजित की गई जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा अलग अलग स्टॉल लगाया गया था जिसमें गुपचुप, चाय-कॉफी, कोल्डड्रिंक, पान, दोसा, इटली, पकोड़ा, बच्चों द्वारा आए हुए अतिथियों ने कार्यक्रम में व्यंजनों का आनंद लिया।

इस अवसर पर विद्यालय के एमडी भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा बच्चों के लिए बाल दिवस विशेष दिन है, इसमें हम बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखने के लिए यह कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष करते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक तथा अतिथि गण उपस्थित थें। कार्यक्रम समापन अवसर पर बीआरसी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य कुमारी दामिनी चंद्राकर ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### रवि बैगा की मौत का जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग



**कवर्धा।** विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम लीलादादर निवासी नौ वर्षीय बैगा बच्चे रवि बैगा की मौत पर अपनी संवेदना प्रकट करते हुए जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी ने कहा कि बच्चे की मौत स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही तथा असंवेदनशीलता के कारण हुई है। उन्होने कहा कि एक तरफ तो प्रदेश की भाजपा सरकार जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का दम भर रही है तो वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के विधानसभा की स्थिति ये है कि यहां जरूरत पड़ने पर पीड़ित जरूरतमंदों को एम्बुलेंस और स्वास्थ्य सुविधा तक नसीब नहीं हो पा रही है। उन्होने कहा कि अगर इस बच्चे को समय रहते एम्बुलेंस और स्वास्थ्य सुविधा मिल जाती तो संभवतः बच्चे की जान बच जाती। उन्होने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की उचित जांच की जाए और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए।

### अतिरक्त कक्ष का लोकार्पण आज

**कवर्धा।** नगर के आदिवासी मंगलभवन में सांसद निधि से निर्मित कराए गए अतरिक्त कक्ष का लोकार्पण शनिवार को क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा दोपहर 11.00 बजे किया जाएगा। साथ ही वे अन्य सामजिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। समाज द्वारा आयोजन की तैयारियां की जा रही है।

**विडंबना:** मजबूर और लाचार पिता के लाख जतन के बाद भी न समय रहते एम्बुलेंस मिली न बेहतर ईलाज

# समुचित उपचार के आभाव में सर्पदंश पीड़ित बैगा बच्चे की मौत

**ड्रिप लगाकर कर दिया गया रिफर, मोटर सायकल में पिता बच्चे को ला रहा था बोड़ला अस्पताल, रास्ते में मौत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत तरेगांव जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम लीलादादर निवासी एक नौ वर्षीय बच्चे की समुचित ईलाज और स्वास्थ्य सुविधाओं के आभाव में सर्पदंश से मौत हो गई। आरोप है कि राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले बैगा आदिवासी समुदाय के इस बच्चे को परिजनो द्वारा लाख प्रयास किए जाने के बाद भी न तो समय रहते उचित ईलाज मिल पाया और न ही स्वास्थ्य सुविधाएं ही नसीब हो पाई। निश्चित रूप से प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के गृह जिले और उनके विधानसभा क्षेत्र में इस तरह एक बच्चे की ईलाज और स्वास्थ्य सुविधाओं के आभाव में मौत हो जाना न सिर्फ दुखद है बल्कि आम जनमानस के लिए उपलब्ध कराई जा रही तथा गठित स्वास्थ्य सुविधाओं और दूसरी व्यवस्थाओं के ढोल में पोल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते गुरूवार को तरेगांव जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम लीलादादर निवासी रवि बैगा पिता बैसाखू बैगा आयु 9 वर्ष को उसके घर के पास ही एक जहरीले सर्प ने दंश मार दिया था। बताया जाता है कि सर्पदंश के बाद बच्चे की तबियत बिगडऩे लगी जिसे देखते हुए उसके पिता ने तत्काल क्षेत्र में आम जनमानस की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित एम्बुलेंस को कॉल किया लेकिन बताया जाता है कि सूचना देने के बाद भी एम्बुलेंस घटना स्थल पर नहीं पहुंची। जिसके बाद मजबूर पिता ने अपने बच्चे की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए उसे मोटर सायकल में ही बैठाकर सीधे तरेगांव के शासकीय चिकित्सालय लाया गया। लेकिन बच्चे के पिता बैसाखू की माने तो तरेगांव शासकीय अस्पताल में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था, जो स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल में मौजूद था उसने बच्चे को एक बॉटल लगा दी और बैसाखू को सलाह दी की वह अपने बच्चे को या तो बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य ले जाए या फिर जिला चिकित्सालय में भर्ती करा दे। इस स्थिति में बैसाखू ने तरेगांव से भी शासकीय एम्बुलेंस की सेवा के लिए संपर्क किया। लेकिन उसे यहां से भी एम्बलेंस नहीं मिल पाई। अपने बच्चे की लगातार बिगड़ती तबियत को देखते हुए एक मजबूर और लाचार पिता जैसे-तैसे बच्चे को बॉटल लगी स्थिति में ही मोटर सायकल में बैठाकर सीधे बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए निकल पड़ा। अपने बच्चे के स्वास्थ्य लाभ के लिए भगवान से दुआ मांगते बैसाखू ग्राम बैजलपुर तक पहुंचा ही था कि उसे रास्ते में शासकीय एम्बुलेंस नजर आई और उसकी जान में जान आई। लेकिन बताया जाता है कि बच्चा जब तक बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच पाता उसकी मौत हो गई। निश्चित रूप से समझा जा सकता है कि इस हृदय विदारक घटना के बाद उस मजबूर और लाचार पिता पर क्या बीत रही होगी जिसके लाख जतन के बाद भी उसके बच्चे की जान नहीं बच पाई। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठता है कि आखिर इस बच्चे की मौत का जिम्मेदार कौन है? वो जिन्हे जनता द्वारा चुनी गई सरकार ने जनता को समय पड़ने पर बेहतर सरकारी सुविधाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी दे रखी हैं या फिर वो सरकार और उसके नुमाईंदे जो जनता को बेहतर सरकारी सुविधाएं मुहैया कराने का वादा कर आज सत्ता सुख भोग रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ 108 के संचालक ने बताया कि एम्बुलेंस बोड़ला सीएचसी में रहती है। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस को रवाना कर दिया गया था। इसमें किसी प्रकार की न देरी की गई और लापरवाही बरती गई है।

### अस्थाई स्वास्थ्य शिविरों के भरोसे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था



इसमें कोई दो राय नहीं है जिले के ग्रामीण और विशेषकर वनांचल ईलाकों में संचालित सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। जिले के अधिकांश प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य अमले के साथ आवश्यक सुविधाओं का आभाव वर्षो से बना हुआ है। जिसकी शिकायतें हमेशा अखबारों की सुर्खियां बनी रहती है। माना जाता है कि इस बात को स्वास्थ्य विभाग और शासन-प्रशासन भी भली भांति समझता है। यही वजह है कि वह समय-समय पर जिले के ग्रामीण और वनांचल ईलाकों और यहां तक कि शहरी क्षेत्रों में भी अस्थाई स्वास्थ्य शिविर संचालित कर खानापूर्ति की जाती है। लेकिन यह कामचलाऊ व्यवस्था न काफी है, क्योंकि स्वास्थ्य सुविधा की जरूरत कभी भी किसी को भी पढ़ सकती है ऐसे में बेहतर यही होगा कि शासन-प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग जिले में संचालित स्थाई सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थाएओं को दुरूस्थ करे।

# कांग्रेस सरकार ने नहीं सुनी ग्रामीणों की फरियाद अब भाजपा सरकार भी नहीं दे रही कान

### खड़ौदा खुर्द मार्ग में बना ताल रोक रहा रास्ता



- ग्रामीण वर्षो से करते आ रहे सड़क मरम्मत की अर्जी विनती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रबेली

विकासखण्ड कवर्धा मुख्यालय से महज 14 किलो मीटर दूर ग्राम खड़ौदा खुर्द से ग्राम सूखाताल मार्ग की हालत 5 वर्ष पूर्व कांग्रेस शासनकाल में खस्ताहाल व जर्जर थी वहीं अब प्रदेश की सत्ता में भाजपा के काबिज होने के करीब साल भर बाद भी जस की तस बनी हुई है।

मुख्य रूप से ग्राम खड़ौदा खुर्द की बस्ती के भीतर सड़क में बने ताल को दुरूस्थ करने न तो शासन-प्रशासन को रूची दिखा रहा है और न ही क्षेत्रीय विधायक व मंत्री इस ओर कोई ध्यान दे रहे हैं। जिसका दंश क्षेत्रवासियों को कई रूपों में भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि इस मार्ग में ग्राम खड़ौदा खुर्द से होकर गुजरने वाली सड़क में घरों से निकलने वाली पानी समा रहा है। जिससे मार्ग में करीब बड़ा गड्डा निर्मित हो गया है और अब तो यह गड्डा एक ताल का रूप ले चुका है। जिससे होकर न तो वाहन गुजर पाते हैं और न ही पैदल चलने वाले। ऐसे में लोगों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं मार्ग में वर्षो से भरा घरों से निकला गंदा पानी अब नाक देने लागयक नहीं रह गया है। इस गंदे पानी में मच्छरों का भी प्रकोप बेदम बढ़ रहा है। इन तमाम परेशानियों को देखते हुए ग्रामवासी बीते करीब 6 वर्षो से लगातार पहले कांग्रेस शासनकाल में और अब भाजपा शासनकाल में शासन, प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का किया गया सम्मान

### कार्यक्रम में सांसद व विधायक रही उपस्थित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कवर्धा के वीर सावरकर भवन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, पण्डरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट सहित जनप्रतिनिधि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में आगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं के जिलास्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के प्रति आभार प्रकट करना और उनके योगदान की सराहना करना था। कार्यक्रम मे आए हुए सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का पुष्पा वर्षा कर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा 38 उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान आंगनबाड़ी के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के साथ नृत्य प्रस्तुत किया गया और कार्यकताओं के द्वारा अपनी छत्तीसगढ़ी नृत्य संगीत कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गयी। सांसद संतोष पाण्डेय ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के निर्माण के लिए महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं का सम्मान करते हुए संसद मे महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत कर मान बढ़ाया है। विधायक पण्डरिया श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि जिले मे अपने तरह का यह पहला कार्यक्रम है जिसमे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को सम्मान कर छत्तीसगढ़ में महिलाओं का मान बढाया है। हमारे कवर्धा जिला मे 1707 आंगनबाड़ी केन्द्र है जिसमे लगभग 3400 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकायें शासन-प्रशासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वयन करने मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना अति आवश्यक है चाहे वह किसी भी क्षेत्र मे हो जैसे सामाजिक, राजनीतिक और शिक्षा। हमारी माताएं एवं बहने घरेलू कार्य के साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चो को अपने आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से शिक्षा देकर उनका भविष्य गढऩे का काम करती है।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत संतोष पटेल, चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी, मनीराम साहू, नितेश अग्रवाल, उमंग पाण्डेय, पीयूष ठाकुर, श्रीमती अदिती कश्यप, श्रीमती रितु देशाई, श्रीमती किरन चौबे, अजय ठाकुर, सुरेश दुबे, सचिन गुप्ता, नगर पालिका कवर्धा के पार्षद गण एवं अन्य सम्मानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# नगर के बुजुर्ग जोड़े सुरेन्द्र सिंह तथा गंगा देवी ने की देहदान की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी ठाकुर दम्पत्ति ने अपनी मृत्यु उपरांत देहदान की घोषणा की है। उन्होने इस पुनीत कार्य की सभी औपचारिकताएं भी पूरी कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हमेशा धर्म, कर्म और मानव सेवा को ही अपना आदर्श मानने वाले कवर्धा नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी सेवा निवृत्त सुरेन्द्र सिंह ठाकुर पिता बहल सिंह ठाकुर आयु 70 वर्ष तथा उनकी पत्नी श्रीमती गंगा देवी ठाकुर आयु 63 वर्ष ने मृत्यु उपरांत अपनी देह दान करने की घोषणा की है। शरीर रचना विभाग छत्तीसगढ़ आयुविज्ञान संस्थान छत्तीसगढ़ शासन के माध्यम से ठाकुर दम्पत्ति ने सिम्स बिलासपुर को मृत्यु उपरांत अपनी देह दान करने की विधिवत घोषणा की है। इस संबंध में मृत्यु उपरांत



देहदान करने वाले सुरेन्द्र सिंह ठाकुर ने एक चर्चा के दौरान कहा कि इस घोषणा के बाद वे काफी संतोष महसूस कर रहे हैं। उनका मानना है कि परिस्थितिवस और जिम्मेदारियों के चलते मनुष्य अपने जीते जी दूसरों के लिए ज्यादा कुछ कर नहीं पाता। ऐसे में उन्होने विचार किया कि क्यों न मृत्यु उपरांत अपनी देहदान कर दी जाए ताकि इस देह से किसी का भला हो सके। यहां बताना लाजिमी होगा कि संसार में ऐसे बहुत कम लोग है जो इस तरह की सोच रखते हुए जो अपने जीते जी तो जनकल्याण के लिए कुछ न कुछ करते ही रहते हैं लेकिन अपनी मृत्यु के बाद भी मानव जीवन के विषय में सोचते हैं। कवर्धा नगर के यह बुजुर्ग दम्पत्ति ऐसे ही लोगों में से एक हैं। जानकारी के मुताबिक इस बुजुर्ग दम्पत्ति की धर्म, कर्म और मानव सेवा में खासी रूचि है और उन्होने कवर्धा नगर में ही बुढ़ा महादेव सकरी नदी मार्ग में वर्ष 2015 में भगवान गणेश का मंदिर निर्माण कराया है जिसका संरक्षण वे स्वयं करते हैं। निश्चित रूप से इस बुजुर्ग दम्पत्ति की यह देहदान की सोच दूसरों को भी प्रेरणा देने वाली है।

# 314 क्विंटल धान का अवैध परिवहन करते ट्रक जब्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिले में धान के अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। धान के अवैध परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए बनाई गई संयुक्त टीम ने आज गुरुवार को पंडरिया विकासखण्ड के ग्राम रहमान काँपा स्थित लघुवनोपजन नाका पर बड़ी कर्यवाही करते हुए 314 क्विंटल धान का अवैध परिवहन करते ट्रक जब्त किया। जिला खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने बताया कि खाद्य और मंडी के संयुक्त जांच दल द्वारा वनोपज जांच नाका रहमानकांपा विकासखण्ड पंडरिया में वाहन क्रमांक सीजी 16 सी एल 1676 में 734 बोरी (314 क्विंटल)अवैध धान का परिवहन करना पाया गया। वाहन में मध्य प्रदेश से राजनांदगांव धान परिवहन किया जा रहा था। पूरा मामला अंतराज्यीय धान परिवहन का है धान की संपूर्ण मात्रा ट्रक में लोड सहित आगामी आदेश पर्यंत तक मंडी परिसर कृषि उपज मंडी पंडरिया जिला कबीरधाम की अभिरक्षा में रखा गया है। कलेक्टर के निर्देश पर जिले में धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### नगर में मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती



**कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कसौधन वैश्य समाज द्वारा कवर्धा नगर में महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्थानीय गुप्ता सामाजिक भवन कवर्धा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज के अध्यक्ष व गुप्ता महिला समाज की अध्यक्ष द्वारा महर्षि कश्यप ऋषि की तैलीय चित्र पर आरती और पूजा व माल्यार्पण किया गया। समाज के अध्यक्ष ने बताया कि इसी कड़ी में आगामी स्तरीय 20 नवम्बर को प्रदेश स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। कवर्धा नगर में आयोजित जयंती कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुप्ता समाज के अध्यक्ष गीता शरण गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, ओमकार गुप्ता सचिव, सुरेश मोदी, शिव गुप्ता, अजय गुप्ता, जगदीश गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, अशोक गुप्ता, भगवती गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, भगवती शंकर, प्रभात गुप्ता, संदीप गुप्ता, धीरेंद्र दानी, पुष्पा गुप्ता, स्मिता गुप्ता, अर्चना गुप्ता, पूनम गुप्ता, स्वेता गुप्ता, रेखा गुप्ता, इंद्राणी गुप्ता, गायत्री गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

**जयंती के मौके पर निकाली गई प्रभात फेरी, आज निकाली जाएगी भव्य शोभयात्रा**

# नगर में धूमधाम से मनाई गई श्री गुरू नानक देव की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कवर्धा नगर में सिख समाज द्वारा समाज के संस्थापक एवं प्रथम गुरू श्री गुरूनानक देव जी की जयंती शुक्रवार को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। वहीं जयंती के मौके पर विशाल और भव्य शोभायात्रा का आयोजन शनिवार को किया जाएगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रकाश पर्व के परिपेक्ष्य में विगत दस दिनो से समाज के महिला, पुरूष, युवक व वृद्धजनो द्वारा प्रतिदिन स्थानीय गुरूद्वारा साहिब से नगर भ्रमण के लिए प्रभात फेरी गाजे बाजे के साथ निकाली जा रही थी। इसी कड़ी में जयंती के रोज शुक्रवार को नगर में प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में सिख समाज लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस प्रकार श्री गुरूनानक



देव जी की जयंती के मौके पर स्थानीय गुरूद्वारा में दिनभर विभिन्न आयोजन किए गए। शाम को बच्चों और महिलाओं के बीच शबद कीर्तन, कविता आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे को पुरस्कृत किया गया। इसी कड़ी में सिख समाज के जसविंदर बग्गा ने बताया कि जयंती के दूसरे दिन कवर्धा नगर में समाज के द्वारा श्री गुरूनानक देव जी की जयंती ( प्रकाश पर्व ) के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ शबद कीर्तन करते, पंज प्यारों की अगुवाई में गुरूद्वारा से प्रारंभ होकर गुरू गोविंद सिंह चौक, इंदिरा चौक, वीर स्तंभ चौक, शिवा जी चौक, अम्बेडकर चौक, राजमहल चौक, कचहरी चौक, करपात्री चौक, शीतला चौक, ऋ षभ देव चौक से होती हुई पुनः गुरूद्वारा पहुंचेगी। तत्पश्चात यहां शबद कीर्तन सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तथा श्रद्धालुओं के लिए गुरु का अटूट लंगर भी बरतेगा।

# शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि सांसद से मिले

- वेतन विसंगति, पूर्ण पेंशन, डीए से संबंधित मुद्दों पर किया चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी, एवं प्रेमनारायण शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय से मुलाकात कर शिक्षकों के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया। चर्चा के दौरान शिक्षक मोर्चा के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान देने, समतुल्य वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना कर एलबी संवर्ग के शिक्षकों के पुरानी पेंशन का निर्धारण करने, केंद्र सरकार की तरत 33 वर्ष के बजाय 20 वर्ष की सेवा पर पूर्ण पुरानी पेंशन का लाभ देने, उच्च न्यायालय के डबल बेंच के निर्णय के अनुसार क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान का विभागीय आदेश जारी करने एवं केंद्र सरकार की तरह एक जुलाई 2024 से तीन प्रतिशत मँहगाई भत्ता देकर जुलाई 2019 से देय तिथि से एरियर राशि का भविष्य निधि में समायोजन करने की मांग का मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया है। अतः आप हमारे मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री से चर्चा कर पूरा करावें। इस संबंध में सांसद ने आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री से शिक्षकों की समस्याओं को अवगत कराकर निराकरण करने की पहल करेंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से



जिला संचालक रमेश कुमार चन्द्रवंशी, , प्रेमनारायण शर्मा, गजराज राजपूत, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, धरमु कुर्रे, सुरतिया साहू, उमेश चन्द्रवंशी भूपेंद्र जाटवर, संतोष शर्मा, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, शिवचरण साहू, नरेंद्र चंद्रोल, रामसिंह साहू, दीनमधुर वर्मा, प्रेमिश शर्मा, श्रीराम साहू, राजेन्द्र निर्मलकर, हीरालाल झारिया, संतोष सोनकर, रामावतार साहू, यशवंत कौशिक, झुमुक बंछोर, भागीरथी साहू, गेंदलाल कुर्रे आदि उपस्थित थे।